mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-01 अंक-57 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़

28 अगस्त 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित



बीडल्यूएफ बैडमिंटन

@ पेज 7

## हरियाणा में महिलाओं को 25 सितंबर से 2100 महीना मिलेंगे



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में महिलाओं को 25 सितंबर से 2100 रुपए महीने मिलने शुरू हो जाएंगे। सीएम नायब सैनी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में कैबिनेट की मीटिंग के बाद इसकी घोषणा की। सरकार ने इसे लाडो लक्ष्मी योजना का नाम दिया है। इसके लिए सरकार पिछले बजट में 5 हजार करोड़ का फंड पहले ही मंजूर कर चुकी है। सीएम सैनी ने बताया कि 25 सितंबर तक 23 या उससे ज्यादा उम्र की अविवाहित या विवाहित, दोनों तरह की महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। शुरुआत में 1 लाख से कम आमदनी वाले परिवारों को रुपए दिए जाएंगे। एक परिवार में 3 महिलाएं दायरे में आई तो सभी को इसका फायदा मिलेगा।

## राजनीतिक हताशा में सामाजिक मर्यादाएं तोड़ रहे राहुल-तेजस्वी : चुग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने राजनीति को जिस स्तर तक गिराने का काम किया है, वह भारतीय लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां के लिए जिस प्रकार की अभद्र भाषा उनके मंच से बोली गई, उसने राजनीतिक गरिमा की सारी सीमाएं तोड़ दी हैं।

भाजपा महासचिव तरुण चुग ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया से कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, पर किसी की मां का अपमान करना घोर निंदनीय है।यह आचरण बताता है कि राहुल और तेजस्वी ने जनता का विश्वास खो दिया है और अब वे राजनीतिक हताशा में सामाजिक मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं। बिहार की जनता ने अपमान को कभी स्वीकार नहीं किया है। राहुल और तेजस्वी यदि हज़ार बार भी माफ़ी मांग लें, तब भी इस अभद्रता के लिए उनको माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास से डरकर झूठी बातें फैला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ईमानदारी से देश की सेवा कर रहे हैं।

## केरल में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार ने मौत को लगाया गले

**कासरगोड,एजेंसी।** केरल के कासरगोड में कथित तौर पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यहां ओंडामपुली, परक्कलाई के रहने वाले एक परिवार के चार लोगों ने बेलूर में रबर प्रसंस्करण में इस्तेमाल होने वाले एसिड का सेवन कर जान देने की कोशिश की। हालांकि इनमें से एक सदस्य की जान बच गई, उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी दी। अंबालाथारा पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार सुबह करीब 3.30 बजे हुई। मृतकों की पहचान गोपी मुलावेनिवेदु (56), उनकी पत्नी के.वी. इंदिरा (54) और उनके बड़े बेटे रंजेश (36) के रूप में हुई है।

### राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 रद्द की

## कोर्ट की टिप्पणी- घर के भेदी ने ही लंका ढहा दी पेपरलीक में आरपीएससी के पांच मेंबर की



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान हाई कोर्ट ने गुरुवार को एसआई भर्ती 2021 रद्द कर दी। 859 पदों के लिए एग्जाम हुआ था। पेपर लीक में कई ट्रेनी एसआई पकड़े गए थे।

जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा- इस भर्ती के पेपर का पूरे प्रदेश में प्रसार हुआ। पेपर लीक में आरपीएससी के छह सदस्यों की भूमिका पाई गई थी। ब्लूटूथ गैंग के पास भी भर्ती का पेपर पहुंचा। इन हालातों में इस भर्ती को जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने निर्देश दिए कि साल 2025 की भर्ती में इस भर्ती के पद भी जोड़े जाए। वहीं एसआई भर्ती 2021 के सभी अभ्यर्थियों को इसमें फिर शामिल किया जाए।

**कोर्ट ने कहा- सही और गलत की छंटनी करना मुश्किल :** कोर्ट ने कहा- भर्ती में सही और गलत की छंटनी संभव नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने ईमानदारी से पेपर दिया है। उनके प्रति भी हमारी सहानुभूति है। हालांकि अगर पेपर लीक के जरिए एक भी व्यक्ति थानेदार बनता है तो यह सही नहीं होगा

**किरोड़ी बोले- 50% से ज्यादा फर्जी अभ्यर्थी सिलेक्ट हुए थे :** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा- हाई कोर्ट के फैसले से सच की जीत हुई है। इस पूरी भर्ती में फर्जीवाड़ा हुआ था। मेरी जानकारी के अनुसार 500 से ज्यादा ऐसे अभ्यर्थी थे, जिन्होंने फर्जीवाड़ा करके यह परीक्षा पास की थी। किरोड़ी ने कहा कि सरकार ने तो सिर्फ 58 फर्जी सब इंस्पेक्टर को ही पड़ा था, लेकिन मेरे पास जो दस्तावेज थे।

# ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर राजनीतिक दल साथ, अब लड़ाई श्रेय की

### कांग्रेस बोली- हम लड़े, बीजेपी ने कहा- सीएम का पहले से मन था

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर सभी राजनीतिक दल एक मत हो गए हैं। हालांकि, अब श्रेय की लड़ाई शुरू हो गई है। कांग्रेस कह रही है कि हमने लड़ाई लड़ी, इसलिए सरकार सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिका पर जल्द निर्णय पर बात कर रही है। वहीं, बीजेपी का कहना है कि सीएम डॉ. मोहन यादव पहले ही मन बना चुके थे। मुख्यमंत्री ने ओबीसी आरक्षण पर गुरुवार को सीएम हाउस में सर्वदलीय बैठक बुलाई



थी। बैठक के बाद उन्होंने कहा- हम सभी एकमत हैं और सभी चाहते हैं कि ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन प्रकरण में निर्णय जल्द आए, ताकि सभी बच्चों को आयु सीमा खत्म होने के पहले लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि 14 प्रतिशत क्लियर है और 13 प्रतिशत होल्ड है।

### सर्वदलीय बैठक में ये संकल्प पारित

सीएम हाउस स्थित समत्व भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सहमति से संकल्प पारित किया गया। इसके मुताबिक, सभी राजनीतिक दल एकमत से मध्यप्रदेश राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को लोक नियोजन में 27त्न आरक्षण देने के लिए कटिबद्ध हैं। इस उद्देश्य के लिए हम एकजुट होकर सभी फोरम (विधायिका, न्यायिक एवं कार्यपालिका) पर इसे क्रियान्वित करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। सभी राजनीतिक दल एकमत होकर मध्यप्रदेश राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को लोक नियोजन में राज्य शासन एवं उसके विभिन्न घटकों द्वारा की गई चयन प्रक्रिया में, विभिन्न न्यायिक आदेशों के फलस्वरूप, नियुक्ति आदेश जारी किए जाने से वंचित शेष 13त्न अभ्यर्थियों को उनके नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए एकजुट होकर सभी फोरम (विधायिका, न्यायिक एवं कार्यपालिका) पर इसे क्रियान्वित करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

### संभल में हिंदू आबादी 15प्रतिशत बची, बाकी पलायन कर गए

# न्यायिक आयोग ने हिंसा की 450 पेज की रिपोर्ट योगी को सौंपी

**संभल, एजेंसी।** संभल हिंसा की 450 पन्नों की रिपोर्ट न्यायिक आयोग ने सीएम योगी को सौंप दी है। इसमें न सिर्फ 24 नवंबर, 2024 को हुई हिंसा के बारे में बताया गया है, बल्कि संभल में कब-कब दंगे हुए, इसका भी जिक्र किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इसमें बताया गया है कि बार-बार दंगों से संभल में हिंदू आबादी कम होती गई। अब वहां सिर्फ 15 प्रतिशत हिंदू बचे हैं, बाकी सब पलायन कर गए। आजादी के वक्त संभल नगर पालिका में 45त्न हिंदू थे। यानी 30 फीसदी हिंदू जनसंख्या पिछले 78 सालों में घटी है।

पिछले साल जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें 4 लोगों की जान गई थी। 29 नवंबर, 2024 को यूपी सरकार ने आयोग का गठन किया था। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा, रिटायर्ड IAS अमित मोहन और रिटायर्ड IPS अरविंद कुमार जैन शामिल थे। आयोग ने गुरुवार को सीएम योगी से मुलाकात कर गोपनीय जांच रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद रिपोर्ट को कैबिनेट में रखी जाएगी।



# पंजाब के 7 जिलों में बाढ़, सेना पहुंची



### एम्फीबियस गाड़ियों से रेस्क्यू, ये जमीन और पानी दोनों पर चल सकती हैं





**नई दिल्ली,एजेंसी।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं।

राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं।

जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। जम्मू में झेलम और दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बेहाल है। बुधवार रात कई जगह भारी बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई है। राज्य के 3 जिलों में 2000 से ज्यादा टूरिस्ट फंसे हैं।

राज्य में बाढ़ और बारिश की घटनाओं में अब तक 310 लोगों की मौत हो चुकी है। 369 लोग घायल हैं और 38 लापता हैं। 1240 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। इनमें 331 घर पूरी तरह से टूट चुके हैं।

**हिमाचल में 534 सड़कें बंद, अब तक 310 मौतें :** हिमाचल में लगातार मूसलाधार मानसूनी बारिश के कारण अब तक 534 सड़कें बंद हैं, जबकि 1,184 बिजली वितरण ट्रांसफॉर्मर प्रभावित हुए हैं। यह जानकारी गुरुवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने दी। एसडीएम ने बताया कि भूस्खलन, अचानक आई बाढ़ और मकानों के गिरने से राज्यभर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 310 हो गई है।

कुल्लू जिले में सबसे अधिक सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। यहां 166 मार्ग और एक राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभावित है। इसके बाद मंडी में 216 सड़कों पर यातायात बाधित है। बिजली आपूर्ति का सबसे ज्यादा असर कुल्लू (600 ट्रांसफॉर्मर प्रभावित) और मंडी (320 ट्रांसफॉर्मर) में पड़ा है, जबकि कांगड़ा जिले की जलापूर्ति पर सबसे गंभीर असर पड़ा है।

# केजरीवाल बोले- मोदी ने अमेरिकी कपास पर 11प्रतिशत टैक्स हटाया,यह भारतीय किसानों के साथ धोखा

### केंद्र ने कहा- कपास की डिमांड पूरी करने के लिए ऐसा किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेशनल कन्वीनर और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अमेरिका को कपास पर लगने वाली 11त्न इम्पोर्ट ड्यूटी हटाकर भारतीय किसानों के साथ धोखा किया है।

केजरीवाल ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में भारत को अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए था। लेकिन पीएम मोदी अमेरिकी सामानों को टैक्स फ्री कर रहे हैं। यह फैसला भारतीय किसानों को आत्महत्या करने पर



मजबूर कर देगा।

दिल्ली के पूर्व सीएम ने आगे कहा, 19 अगस्त से 30 सितंबर, यानी 40 दिनों तक अमेरिका से आने वाले कपास पर टैक्स नहीं लगेगा। इससे देश के बाजार में अमेरिकी कपास भारतीय कपास की तुलना में 15-20 रुपए प्रति किलो सस्ती हो जाएगी।

इस बीच केंद्र सरकार की प्रेस रिलीज सामने आई, इसमें यह अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, घरेलू टेक्सटाइल इंडस्ट्री के पास कपास का पर्याप्त स्टॉक रहे, इसके लिए यह फैसला लिया गया है।

**केंद्र ने इम्पोर्ट ड्यूटी पर छूट देने की वजह बताई :** केंद्र के मुताबिक, भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास पर इम्पोर्ट ड्यूटी में अस्थायी रूप से छूट दी थी। निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए, केंद्र सरकार ने कपास पर इम्पोर्ट ड्यूटी छूट को 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है।



# केंद्र बोला-राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन नहीं दे सकते

### राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं; डेडलाइन मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की विधानसभा से पास बिलों पर कार्रवाई के खिलाफ राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर नहीं कर सकते। केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। क्योंकि मौलिक अधिकार आम नागरिकों के लिए होते हैं, राज्यों के लिए नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति जानना चाहती हैं कि क्या राज्यों को ऐसा अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुच्छेद 361 के अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं होते। केंद्र ने तर्क दिया कि कोर्ट राष्ट्रपति या राज्यपाल को कोई निर्देश नहीं दे सकती क्योंकि उनके फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। वहीं, कोर्ट ने कहा कि यदि कोई राज्यपाल छह महीने तक बिल लंबित रखता है तो यह भी सही नहीं है। CJI बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने राज्य सरकारों की तरफ से भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई की। 15 मई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को एक संदर्भ दिया और अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े 14 सवालों पर कोर्ट की राय मांगी थी।

### आतंकी अलर्ट के बाद वोटर अधिकार यात्रा में बदलाव

# मोतिहारी में बंद गाड़ी में लोगों से मिले राहुल, सुरक्षा भी बढ़ाई गई

## राहुल के साथ-साथ तेजस्वी यादव ने भी मंदिर में पूजा की



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** आतंकी अलर्ट के बाद राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव किया गया है। सीतामढ़ी में वे जिस कैंप में रुके थे वहां से सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां कई जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल वहां नहीं रुके।

मंदिर में दर्शन के बाद राहुल गांधी का रोड शो भी था, लेकिन वो कैंसिल कर दिया गया। राहुल गांधी अब ओपन जीप की जगह बंद गाड़ी से मोतिहारी के ढाका पहुंचे।

राहुल गांधी को यहां 12 बजे पहुंचना था, लेकिन वो 11 बजे ही पहुंच गए। रास्ते में उन्होंने बंद गाड़ी से ही लोगों से मुलाकात की। फिलहाल वे अभी सिटी होटल में ठहरे हैं। शाम 4 बजे वे यात्रा की शुरुआत आजाद चौक से करेंगे।

वोटर अधिकार यात्रा के 12वें दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीतामढ़ी के रीगा चौक पर जनसभा की। उन्होंने कहा, ये सिर्फ वोटर अधिकार यात्रा नहीं है। ये आपके अधिकार की यात्रा है।

लोकसभा चुनाव के बाद एक करोड़ नए वोटर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जुड़ गए। महाराष्ट्र में हमें उतने ही वोट मिले, जितने लोकसभा मे मिले थे, लेकिन जहां नए वोटर आए, वहां बीजेपी की जीत हुई।

राहुल ने कहा, अभी सिर्फ वोट चोरी हो रही है। वोट चोरी के बाद आपका राशन कार्ड और जमीन छीना जाएगा। उन्होंने भाषण के अंत में कहा कि बिहारियों की राजनीतिक समझ का कोई मुकाबला नहीं।

वहीं, राहुल गांधी के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाने में शिकायत की गई है। बीजेपी कार्यकारिणी के सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने राहुल पर पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाया है।

**पुनौराधाम में राहुल ने माता जानकी की आरती की :** इससे पहले राहुल गांधी पुनौराधाम में माता जानकी के मंदिर पहुंचे। पूरे नियम से पूजा की। माता की आरती उतारी। मुख्य पुजारी से मंदिर के बारे में भी जाना।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और VIP सुप्रीमो मुकेश सहनी भी साथ रहे। मंदिर में पूजा करने के बाद राहुल के गले में माला और चुनरी थी।

मंदिर में पत्रकारों ने राहुल से बात करनी चाही, लेकिन वो बिना कुछ कहे आगे बढ़ गए। वहीं बीजेपी के द्वारा तेजस्वी को राम विरोधी कहने पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, धर्म पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सबकी अपनी-अपनी आस्था है।

### बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ

## जहां से आतंकी घुसपैठ की आशंका, राहुल की यात्रा वहीं से गुजर रही; पूरे प्रदेश में अलर्ट

**पटना,एजेंसी।** बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों ने घुसपैठ की है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों की फोटो रिलीज की हैं। सभी के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की खबर है। पुलिस ने जिन आतंकियों की फोटो




जारी की है, उनके नाम हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान हैं। हसनैन रावलपिंडी, आदिल उमरकोट और उस्मान बहावलपुर का रहने वाला है। आतंकियों के अररिया जिले से बिहार में घुसने की आशंका जताई गई है। पुलिस हेडक्वार्टर ने सभी जिलों को खुफिया तंत्र को एक्टिव रखने, इनपुट जुटाने और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। तीनों आतंकियों की सूचना देने वाले को बिहार सरकारी की तरफ से 50 हजार का इनाम दिया जाएगा।

**जहां से घुसपैठ की आशंका, वहीं राहुल की यात्रा :** इधर बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के खिलाफ राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा चल रही है। आतंकी घुसपैठ के संदिग्ध रास्ते अररिया समेत नेपाल से सटे मधुबनी और सुपौल से हाल ही में उनकी यात्रा गुजरी है।

बिहार के 7 जिले नेपाल बॉर्डर से सटे हैं। राहुल या तो उन जगहों पर जा चुके हैं या उनका जाने का कार्यक्रम है। वे कल सीतामढ़ी में थे और आज मोतिहारी पहुंचे, जो नेपाल सीमा से लगा हुआ है।

# राजधानी में वकीलों के न्यायिक बहिष्कार का छठा दिन, उपराज्यपाल के आदेश के खिलाफ कर रहे प्रदर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पुलिस थानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गवाही देने की अनुमति देने के उपराज्यपाल के नोटिफिकेशन के खिलाफ वकीलों का न्यायिक बहिष्कार छठे दिन भी जारी है। इस दौरान वकीलों ने अपना गुस्सा सड़कों पर निकाला। वहीं, बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में वकीलों ने एलजी का पुतला फूंका और नारे लगाए। निचली अदालतों के वकीलों के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन जताते हुए बुधवार को काम के दौरान वकीलों को काली पट्टी पहनने का आह्वान किया। वहीं, बुधवार को हुई कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक में हड़ताल को बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। नई दिल्ली बार एसोसिएशन के सचिव तरुण राणा ने कहा कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे उपराज्यपाल भवन के बाहर सभी बार एसोसिएशनों के वकील प्रदर्शन करेंगे। बुधवार को तीस हजारी, रोहिणी, कड़कड़डूमा, द्वारका, साकेत, राउज एवेन्यू और पटियाला हाउस जिला अदालतों में कोई सुनवाई नहीं हुई। जमानत याचिकाएं, गवाही और क्रॉस-एग्जामिनेशन (जिरह) समेत कई महत्वपूर्ण मामले स्थगित कर दिए गए। फरियादी और उनके परिवार वाले अदालत परिसरों के बाहर भटकते नजर आए। वकीलों की अनुपस्थिति के चलते उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। अदालत परिसरों के बाहर वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किए। वकीलों ने बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट के बाहर सड़कों पर प्रदर्शन किया। कड़कड़डूमा कोर्ट के वकीलों ने कृष्णा नगर रेड लाइट पर जाम लगा दिया था। लगभग दिल्ली की सभी निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक बहिष्कार के तहत अलग-अलग तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने कोर्ट परिसर में पुलिस और सरकारी वकीलों समेत ईडी, सीबीआई और नायब कोर्ट को प्रवेश नहीं करने दिया।

कड़कड़डूमा कोर्ट के वकील प्रदीप चौहान ने बताया कि यह नोटिफिकेशन जनता के खिलाफ है। हड़ताल के चलते पब्लिक प्रॉसिक्यूटर्स, ईडी और सीबीआई के अधिकारी भी कोर्ट में नहीं पहुंचे। कई हिरासत संबंधी जरूरी मामले ही सुने गए, लेकिन अधिकांश ट्रायल स्थगित हो गए हैं। उन्होंने बताया, नोटिफिकेशन न्यायिक स्वतंत्रता और निष्पक्ष सुनवाई के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह नोटिफिकेशन 15 जुलाई 2024 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के सर्कुलर का उल्लंघन करता है। थाने को डेजिग्नेटेड प्लेस बनाना पुलिस को अतिरिक्त शक्ति देगा, जहां क्रॉस-एग्जामिनेशन प्रभावी नहीं हो सकेगा। हमारी हड़ताल फरियादियों के हित में है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा जारी अधिसूचना के खिलाफ वकीलों का विरोध जारी है, जिसमें पुलिस थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों को साक्ष्य दर्ज करने के लिए निर्दिष्ट स्थान घोषित किया गया है।

## दिल्ली में नहीं थम रहे बम की धमकी के मामले, 20 कॉलेजों को आया थ्रेट ईमेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित जीसस एंड मैरी कॉलेज समेत करीब 20 कॉलेजों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले। जिसके बाद पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची और कॉलेज परिसरों को खाली कराया गया और जांच शुरू की गई। जांच करने के बाद कुछ नहीं मिला जानकारी के मुताबिक, बुधवार को ये धमकी भरे ईमेल 20 कॉलेजों को आए। जिसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस की टीमें आनन-फानन में बम और डॉग स्क्वायड को लेकर कॉलेजों में पहुंची। जांच में कॉलेजों के अंदर कोई संदिग्ध चीज या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच के बाद इसे फर्जी बताया गया। बता दें कि पिछले हफ्ते पांच दिनों में चार बार 100 से अधिक स्कूलों को भी इसी तरह की धमकी भरी ईमेल मिली थी। जिसमें कुछ नही निकला था। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि संजय ने जानलेवा हमला करने की शिकायत दी थी। उसने बताया था कि बेटे ने तोशिन को डेढ़ लाख रुपये दिए हुए थे। रुपये वापस मांगने पर आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था।

## बड़े गिरोह का भंडाफोड़, दो वर्षों में 500 लोगों की तस्करी कर चुका है गैंग, चार गिरफ्तार




**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक किशोर और दो नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। गिरोह के सदस्य रेलवे स्टेशनों पर कमजोर नाबालिगों और मजदूरों को निशाना बनाकर जम्मू-कश्मीर भेजते थे। वहां उन्हें बिना पैसे दिए घरेलू कार्य और बंधुआ मजदूरी कराई जाती थी। पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि किशोरों के लिए 20 हजार से 25 हजार जबकि लड़कियों के एवज में 60 हजार रुपये तक वसूलते थे। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी के अनुसार यह गिरोह दलालों और प्लेसमेंट एजेंटों के नेटवर्क के जरिये काम करता था। ये पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर गरीब और बेसहारा बच्चों और मजदूरों को बेहतर खानपान और रुपयों का लालच देकर फंसाते थे।

पुलिस उपायुक्त स्वामी ने बताया कि गिरोह के सदस्य गांदरबल (जम्मू-कश्मीर) निवासी सलीम-उल-रेहमान उर्फ वसीम (38), बेगमपुर (दिल्ली) निवासी सूरज (31), रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी मोहम्मद तालीब और बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) निवासी सतनाम सिंह उर्फ सरदार को गिरफ्तार किया गया है। सलीम पिछले दो वर्षों के दौरान 500 लोगों की तस्करी कर चुका है और प्रत्येक पीड़ित के बदले भारी कमीशन वसूला है। तालीब के पास से यूपी पुलिस के उप-निरीक्षक का फर्जी पहचान पत्र भी बरामद हुआ है। आरोपी इसका इस्तेमाल गिरफ्तारी से बचने और पीड़ितों की यात्रा को आसान बनाने के लिए करता था।

**ऐसे खुला मामला :** उपायुक्त स्वामी ने बताया कि इस गिरोह का खुलासा उस समय हुआ जब भलस्वा डेरी थाने में 15 और 13 साल की दो लड़कियों के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई गई। टेक्निकल सर्विलांस के जरिये इन लड़कियों की लोकेशन श्रीनगर में ट्रेस की गई। पुलिस टीम ने 15 जून को दोनों नाबालिगों को श्रीनगर से सुरक्षित बरामद कर लिया और दोनों को दिल्ली लाया गया। बाल कल्याण समिति के समक्ष दर्ज बयान में पीड़ितों ने बताया कि उन्हें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से बहलाया-फुसलाया गया और फिर श्रीनगर ले जाकर जबरन घरेलू काम कराया गया। बयानों के आधार पर 14 अगस्त को वसीम और सूरज को प्रहलाद विहार से गिरफ्तार किया गया।

**एजेंसी चलाता था :** पुलिस अधिकारियों के अनुसार सलीम ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह श्रीनगर में वीए मैनपावर प्राइवेट लिमिटेड नामक एजेंसी चलाता था और पिछले दो साल में 500 लोगों को कश्मीर में बेच चुका है। सूरज ने बताया कि वह दिल्ली में एजेंटों के लिए ट्रांसपोर्टर का काम करता था और उसने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आसपास सक्रिय कई साथियों के नाम बताए।

**एक और किशोर को बरामद किया गया :** पुलिस ने 19 अगस्त को श्रीनगर में की गई छापेमारी के दौरान तालीब और सतनाम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 16 वर्षीय एक किशोर को मुक्त कराया था। उन्होंने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों शहबाज खान, नरेश, रोहित पांडे और सोहेल अहमद की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस यूपीआई लेनदेन की जांच कर रही है और तस्करी में प्रयुक्त वाहनों की पहचान भी कर रही है।

## न्यू अशोक नगर में एनकाउंटर, स्पेशल सेल ने रोहित गोदारा गैंग के 2 बदमाश पकड़े, एक के पैर में लगी गोली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के न्यू अशोक नगर में स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में रोहित गोदारा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। एक बदमाश का नाम कार्तिक जाखड़ है और दूसरे का नाम कविश है। इन दोनों बदमाशों का यूएस में बैठे गैंगस्टर हैरी बॉक्सर से जुड़े हैं, जिनके खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

जानकारी के मुताबिक, स्पेशल सेल को उनके न्यू अशोक नगर इलाके में इन बदमाशों के आने का इनपुट मिला था। जिसके बाद स्पेशल सेल की टीम ने जाल बिछाया और इन्हें पकड़ने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर किया। जिसके जवाब में पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मार कर इन्हें काबू किया।

**मुठभेड़ के बाद गला घोटू गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार :** उत्तर-पश्चिम दिल्ली जिला पुलिस ने केशवपुरम इलाके में मुठभेड़ के बाद गला घोटू गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश राजू उर्फ अजय उर्फ कंगारू के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लगी है। उसे इलाज के लिए दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके साथ मौजूद बदमाश रवि उर्फ गोटिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। राजू पर 12 जबकि आरोपी रवि पर चोरी,आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, डकैती, छीना-झपटी और सेंधमारी के 7 मामले दर्ज हैं। द्वारका की रिहायश को ध्यान में रखकर डीडीए ने इसका डिजाइन किया है। रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी लाइसेंसधारी की होगी। डीडीए ने 26 अगस्त को इसका नोटिस जारी किया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। 30 सितंबर तक ऑनलाइन बोली लगाई जा सकती है।

## डीयू के छात्रों के लिए फिर से शुरू की गई यू-स्पेशल बस सेवा; विश्वविद्यालय ने दिया धन्यवाद




**दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए यू-स्पेशल बस सेवा को फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार छात्रों को मेट्रो ट्रेनों में रियायती पास उपलब्ध कराने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 100 नई बसों को हरी झंडी दिखाई, जिनमें 30 साल बाद वापस आ रही 50 पुनर्निर्मित यू स्पेशल बसें भी शामिल हैं। यू-स्पेशल बस सेवा डीयू के 67 कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगी। इस सेवा के तहत इलेक्ट्रिक बसें 25 से ज्यादा रूटों पर चलेंगी और मेट्रो स्टेशनों जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर रुकेंगी।

**एसी, सीसीटीवी और पैनिक बटन की सुविधा; गानें भी सुन सकते हैं :** दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि सभी यू-स्पेशल बसें इलेक्ट्रिक और वातानुकूलित हैं और छात्रों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन से लैस हैं। उन्होंने बताया कि छात्र इन बसों में क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके अपने पसंदीदा गाने भी सुन सकते हैं।

**आने वाले समय में बढ़ाई जाएगी बसों की संख्या :** उन्होंने कहा कि यू-स्पेशल बसों की संख्या में नियमित रूप से वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रदूषण से लड़ने के लिए कदम दर कदम आगे बढ़ रही है और शून्य प्रदूषण वाली ई-बसें इसमें मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में भाजपा सरकार दिल्ली को आगे ले जाने और यहां के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

**डीयू ने भी की सराहना :** उधर दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना की है। विश्वविद्यालय ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट के माध्यम से सीएम को इस पहल को फिर से शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया। डीयू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए समर्पित ई-बसें और यू-स्पेशल बसें शुरू करने के लिए माननीय दिल्ली के मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त करता है। यह पहल स्थायी परिवहन को मजबूत करेगी और हजारों युवा छात्रों को लाभान्वित करेगी।

## अब स्वादिष्ट व्यंजन परोसेगा डीडीए, पांच जगहों पर खुलेंगे आरंभ कैफे, ई-नीलामी शुरू




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के व्यस्त मोहल्लों में अब डीडीए आरंभ कैफे खोलने जा रहा है। यहां दिल्लीवासियों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। पहले फेज में दिल्ली में तीन साल के लाइसेंस आधार पर 5 कैफे खुलेंगे जहां लोग चाय-कॉफी के साथ किताबें पढ़ सकेंगे। यदि संचालकों ने बेहतर प्रदर्शन किया तो डीडीए इनके लाइसेंस को 9 साल के लिए बढ़ा देगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने आम लोगों, युवा उद्यमियों और छोटे कारोबारियों के लिए इन 5 कैफे के लिए ई-नीलामी शुरू की है। ये कैफे विभिन्न सामुदायिक केंद्रों में होंगे जहां उद्यमशील लोग अपना काम शुरू कर स्थानीय लोगों को स्वादिष्ट खानपान मुहैया कराएंगे। डीडीए अधिकारियों का कहना है कि इससे न सिर्फ रोजगार पैदा होगा बल्कि डीडीए को भी आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। आरंभ कैफे समुदाय के लोगों को एक जगह इकट्ठे होने के लिए ये बेहतर ठिकाना भी बनेंगे।

**पहले मिलेगा तीन साल के लिए लाइसेंस :** लाइसेंस की अवधि शुरुआत में 3 साल की है जो अच्छे प्रदर्शन पर दो बार 3-3 साल बढ़ाकर 9 साल तक हो सकती है। छठे साल के बाद आखिरी विस्तार दोनों पक्षों की सहमति से होगा। फीस हर तिमाही पहले महीने की 10 तारीख से पहले जमा करनी होगी। इसमें सालाना 5 फीसदी बढ़ोतरी और हर 3 साल बाद 10 फीसदी अतिरिक्त बढ़ेगी। अनुभवी लोगों को प्राथमिकता से लाइसेंस मिलेगा। डीडीए ने 26 अगस्त को आरंभ कैफे की बोली के लिए नोटिस जारी किया है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन और हेल्प डेस्क शुरू की गई है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 25 सितंबर को शाम 6 बजे तक है। ऑनलाइन बोली 30 सितंबर को लगेगी।

**पहले से तैयार है जगह :** कैफे के लिए दिल्ली के अलग-अलग इलाकों के सामुदायिक केंद्रों में पहले से जगह तैयार है। यहां बस अपना सामान लगाकर काम शुरू करना है। ये योजना उन लोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है जो खानपान के क्षेत्र में हाथ आजमाना चाहते हैं। यहां खाना, चाय, कॉफी, बेकरी उत्पाद व स्नैक्स आदि परोस सकते हैं। डीडीए की ओर से बेसिक सुविधाएं जैसे बिजली, पानी और परोसने का क्षेत्र मिलेगा लेकिन मशीनरी व रखरखाव की जिम्मेदारी उद्यमी की होगी। सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी लगाना और क्षेत्र को साफ सुथरा रखना जरूरी है। डीडीए सिर्फ सफल बोली लगाने वाले से ही डील करेगा कोई सब लाइसेंस या पार्टनरशिप नहीं होगी।

**इन जगहों पर होंगे कैफे :** ओल्ड राजिंदर नगर में 44 वर्ग मीटर जगह - आरक्षित कीमत 3.35 लाख रुपये सालाना। अधचिनी में 44.18 वर्ग मीटर जगह - आरक्षित कीमत 6.17 लाख सालाना। द्वारका सेक्टर-16बी में 44 वर्ग मीटर जगह - आरक्षित कीमत 2.15 लाख सालाना। रोहिणी सेक्टर-11 में 61.6 वर्ग मीटर जगह - आरक्षित कीमत 2.39 लाख सालाना। विकास पुरी में 94.36 वर्ग मीटर जगह - आरक्षित कीमत 11.08 लाख सालाना। (नोट : कीमतें ई-नीलामी में बढ़ सकती हैं लेकिन शुरुआत आरक्षित से होगी।) द्वारका सेक्टर-9 मेट्रो स्टेशन के पास अमृत धारा फूड कोर्ट के लिए ई-नीलामी शुरू द्वारका सेक्टर-9 मेट्रो स्टेशन के पास डीडीए अमृत धारा फूड कोर्ट खोलने जा रहा है। इसके लिए ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। युवा उद्यमियों और छोटे कारोबारियों के लिए ये बड़ा अवसर है। फूड कोर्ट में 30 कियोस्क होंगे। इसके लिए 382.40 वर्गमीटर खुला क्षेत्र और 140.02 वर्ग मीटर बनाया हुआ क्षेत्र मिलेगा। इसकी आरक्षित कीमत 1.94 करोड़ रुपये सालाना तय की गई है। डीडीए ने जानकारी दी है कि लाइसेंस फीस नीलामी में बढ़ सकती है। यहां वेज और नॉनवेज व्यंजन, स्नैक्स, गर्म-ठंडे पेय व पैक सामान परोसा जा सकता है।

## यूक्रेन की राजधानी में रूसी हमले, तीन बच्चों समेत 12 लोगों की मौत, 48 घायल



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार तड़के रूस के ड्रोन और मिसाइलों के एक बड़े हमले में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। इस दौरान करीब 45 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमला एक जगह शहर के बीचों-बीच भी किया गया।

**अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास के बीच बड़ा हमला :** हमला ऐसे वक्त किया गया, जब तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास चल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात भी की थी। यह कीव पर पिछले कुछ हफ्तों में रूस का पहला बड़ा संयुक्त हमला था।

**मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका :** आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल मौके पर मौजूद हैं।

**यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने क्या कहा :** हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रूस बातचीत की मेज के बजाय बैलिस्टिक मिसाइलों को चुनता है। हम दुनिया के उन सभी लोगों से प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं, जिन्होंने शांति का आह्वान किया है, लेकिन अब सैद्धांतिक रुख अपनाने के बजाय अक्सर चुप रहते हैं।

**रूस ने ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं :** कीव के नगर प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि रूस ने ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। कीव के सात जिलों में कम से कम 20 जगहों पर इसका असर पड़ा। उन्होंने बताया कि शहर के केंद्र में स्थित एक शॉपिंग मॉल समेत लगभग 100 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और हजारों खिड़कियां टूट गईं। रूसी हमलों ने किया।

## अमेरिका के लिए अब मैक्सिको ने भी लगाई डाक सेवा पर अस्थायी रोक, नई टैरिफ नीति के कारण लिया फैसला



**मैक्सिको सिटी,एजेंसी।** मैक्सिको ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से अमेरिका को अपने डाक पार्सल भेजना बंद कर रहा है। यह फैसला अमेरिका में कम मूल्य वाले पार्सल पर लगने वाले कर की छूट खत्म होने से पहले लिया गया है, जिसे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन खत्म करने जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठा हैं। वह भी अमेरिका के इस नए नियम को लेकर स्पष्ट स्थिति का इंतजार कर रही हैं।

**कल खत्म हो रही डी मिनिमिस छूट :** यह फैसला उस समय आया है, जब मैक्सिको और ट्रंप प्रशासन के बीच बीते कई महीनों से वार्ता जारी है, ताकि व्यापक टैरिफ से बचा जा सके। यह डी मिनिमिस छूट के नाम से जानी जाती है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाले पार्सल अमेरिका में बिना टैरिफ के भेजे जा सकते हैं। यह छूट शुक्रवार को खत्म हो रही है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग के मुताबिक, 2024 में इस छूट के तहत कुल 1.36 अरब पार्सल भेजे गए ते, जिनकी कीमत 64.6 अरब डॉलर थी।

**अमेरिकी अधिकारियों से बात कर रहा मैक्सिको :** मैक्सिको सरकार ने कहा कि उसकी डाक सेवा कोरियोज डी मेक्सिको बुधवार से अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवा अस्थायी रूप से रोक रही है। सरकार के बयान में कहा गया, मैक्सिको अमेरिकी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय डाक संगठनों से बातचीत कर रहा है, ताकि सेवाओं को व्यवस्थित तरीके से दोबारा बहाल किया जा सके, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे और वस्तुओं की डिलीवरी में बाधा न आए। इस घोषणा के साथ ही मैक्सिको भी ऑस्ट्रेलिया, जापान समेत उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवाओं को रोक दिया है, क्योंकि नए आयात कर को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**पत्र नहीं भेज पाए लोग :** युनुएथ हर्नांदेज बुधवार को अपने दो बच्चों को लेकर डाकघर आई थीं, ताकि वह अमेरिका में रहने वाले एक रिश्तेदार को पत्र भेज सकें।

## पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से हाहाकार, सिखों का तीर्थस्थल करतारपुर डूबा, दो बांध तोड़े गए





**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बारिश से सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। समूचे प्रांत में बाढ़ से हाहाकार मच गया है। रावी, चिनाब और सतलुज नदियों में आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है। सैकड़ों गांव जलमग्न हैं। फसलें नष्ट हो गई और मवेशी बह गए। बाढ़ग्रस्त नारोवाल जिले का करतारपुर लगभग डूब गया है। करतारपुर कॉरिडोर पहले से ही जलमग्न है। दुनिया भर के सिख समुदाय का सबसे बड़ा तीर्थस्थल करतारपुर गुरुद्वारा दरबार साहिब परिसर पिछले 24 घंटे से डूबा हुआ है। प्रांत के आठ जिलों में सेना ने मोर्चा संभाल लिया है।

पाकिस्तान के उर्दू अखबार डेली जंग की आज की खबर के अनुसार, इस आपदा में गुजरांवाला संभाग में सात लोगों की मौत हो गई है। सियालकोट में मूसलाधार बारिश से आपात स्थिति पैदा हो गई है। प्रांत में अब तक 210,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। ऊंचे स्थानों पर प्रभावित लोगों के रहने के लिए हजारों तंबू लगाए गए हैं। मस्जिदों से लगातार मदद की घोषणा की जा रही है। हेड कादिराबाद को बचाने के लिए चिनाब नदी पर बने दो बांध तोड़ दिए गए हैं। इनमें एक मंडी बहाउद्दीन और दूसरा गुजरांवाला जिले के अलीपुर चट्ठा का बांध है। बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित आठ जिलों में सेना ने जिला प्रशासन के साथ राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। बुजुर्ग कहते हैं कि 38 साल बाद रावी नदी का ऐसा रौद्र रूप दिखा है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डीजी इरफान अली काठिया के मुताबिक, अगले 48 घंटे रावी और चिनाब के लिए बेहद नाजुक हैं। कादिराबाद से पिंडी भट्टियां तक ??चिनाब नदी के किनारे रहने वाले निवासियों से यथाशीघ्र स्थान खाली करने का आग्रह किया गया है।

डेली जंग के अनुसार, नारोवाल में रावी नदी का पानी करतारपुर कॉरिडोर में घुस गया है। इससे सिखों के धार्मिक स्थल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। गुरुद्वारा साहिब जलमग्न नजर आ रहा है। नारोवाल रोड पर भी पानी भर गया है और शकरगढ़ हाइवे भी यातायात के लिए बंद है। रावी नदी के शकरगढ़ भेको चक में बांध में दरार आ गई है। शकरगढ़ गांव के जरमियां झंडा क्षेत्र में पानी में फंसे 21 लोगों को बचाया गया है। रावी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हालात को देखते हुए सिविल डिफेंस ने अलर्ट जारी कर सायरन बजाया है। दूसरी ओर, सतलुज नदी भी उफान पर है और गंडा सिंह हेड पर पानी का बहाव 245,000 क्यूसेक दर्ज किया गया है।

करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब तक भारतीय सिखों को पहुंचने की सुविधा प्रदान करता है। इसे गुरुनानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व से पहले नवंबर 2019 में खोला गया था। गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर सिख समुदाय के सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है। करतारपुर की स्थापना 1504 में गुरुनानक देव ने की थी। उन्होंने रावी नदी के किनारे अपना ठिकाना बनाया था।

# बाणसागर डैम के गेट खुलने से नदी में फंसा युवक

## मछली पकड़ते समय टापू में अटका; 6 घंटे बाद एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** जिले के कुमहिया गांव में बाणसागर डैम के गेट खुलने से नदी में मछली पकड़ रहा एक युवक बीच टापू पर फंस गया। तेजी से बढ़ते पानी में करीब छह घंटे तक फंसे रहे। देवलौंद थाना क्षेत्र के कुमहिया गांव में बुधवार शाम को यह घटना हुई। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने संयुक्त रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई।

**टापू पर फंसे युवक ने शर्ट से मांगी मदद:** रामपुरवा निवासी 34 वर्षीय अल्ताफ खैरवार नदी में मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान बाणसागर डैम के 6 गेट शाम 4 बजे खोल दिए गए। क्षेत्र में हो रही बारिश से डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण यह कदम उठाया गया था।

अचानक बढ़े पानी के कारण युवक नदी के बीच एक टापू पर फंस गया। उसने अपनी शर्ट उतार कर हाथ में ली और मदद के लिए इशारा करने लगा। नदी किनारे से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने उसकी आवाज सुनी और देवलौंद पुलिस को सूचित किया।

**एसडीआरएफ टीम ने 6 घंटे बाद युवक को सुरक्षित निकाला:** थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर डैम प्रबंधन से बात की गई। इसके बाद सभी गेट बंद कर दिए गए। रात 8 बजे जब पानी का स्तर कम हुआ, तब पुलिस और एसडीआरएफ ने संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लगभग 6 घंटे के प्रयास के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## मझौली में अतिक्रमण से बाजार में घंटाभर लगा जाम

# 1 किमी तक वाहनों की कतार, स्कूली बच्चे और आमजन परेशान; नगर पंचायत मौन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले के मझौली नगर पंचायत क्षेत्र में व्यापारियों के अतिक्रमण से जाम की समस्या गंभीर हो गई है। गुरुवार सुबह 9ः30 बजे से एक घंटे तक बाजार में जाम लगा रहा। इससे एक किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई।

**मझौली बाजार में व्यापारियों के अतिक्रमण से जाम:** स्थानीय निवासी शशि भूषण तिवारी ने बताया कि व्यापारी नालियों के ऊपर तक दुकानें फैला लेते हैं। सड़क किनारे सामान रखकर जगह घेर लेते हैं। इससे आवाजाही बाधित होती है। स्कूली बच्चों और आम लोगों को रोज परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मझौली थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने टीम के साथ पहुंचकर यातायात सुचारू कराया। लेकिन यह समाधान अस्थायी है। नगर पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान में रुचि नहीं ले रहे हैं।

**नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि बना रहे अनदेखी:** नगर पंचायत अध्यक्ष शंकर गुप्ता ने अतिक्रमण पर चुप्पी साध ली। उन्होंने बाईपास के निर्माण न होने को जाम का कारण बताया। ग्रामीणों का आरोप है कि अध्यक्ष स्वयं व्यापारी हैं। इसलिए वे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। स्थानीय निवासी प्रशांत बैगा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ही सबसे बड़ी समस्या है।

# बड़ौरा शिव मंदिर का पुल क्षतिग्रस्त, आवागमन बंद; 20 साल पहले ही बना था

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में स्थित बड़ौरा शिव मंदिर का पुल गुरुवार सुबह 9 बजे क्षतिग्रस्त हो गया। पुल के बीच में बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं।



लगभग 20 साल पहले बना यह पुल लगातार हो रही भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ है। गोपद नदी में आए उफान के कारण कई बार पानी पुल के ऊपर से बह गया। स्थानीय निवासी रविकांत सिंह ने बताया कि गड्ढे का आकार लगातार बढ़ रहा है।

बड़ौरा स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर भोलेनाथ के भक्तों का प्रमुख धाम है। साल भर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से भक्तों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

गोपद बनास एसडीएम राकेश शुक्ला ने बताया कि पुल पर आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है। नए पुल के लिए डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जल्द ही मरम्मत या नवीनीकरण कार्य शुरू किया जाएगा।

# 16 साल बाद आगजनी का आरोपी पकड़ाया

## नाम बदलकर सागर में मजिस्ट्रेट के यहां काम कर रहा था आरोपी, गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** देवलौंद थाना क्षेत्र में 16 साल पहले हुई आगजनी के मामले में फरार आरोपी को गुरुवार को सागर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अशोक कोल सामान बुढ़वा गांव का रहने वाला है। पुरानी रंजिश के चलते उसने एक घर में आग लगाई थी। घटना के बाद से वह फरार था।

**16 साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी:** पीड़ित ने घटना के दिन ही आरोपी की पहचान कर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय में पहुंचा और आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया। थाना प्रभारी सुभाष दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की।

**नाम बदलकर सागर में मजिस्ट्रेट के यहां काम कर रहा था आरोपी:** मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को सागर से पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि वह अपना नाम बदलकर सागर में एक मजिस्ट्रेट के यहां काम कर रहा था। घटना के बाद से उसने गांव आना बंद कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# परिवहन विभाग द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिये अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश में वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इंफोर्मेशन सेन्टर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं।

वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है। अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है।

# खाद संकट, किसान परेशान; 5 घंटे लाइन में लगने के बाद भी एक बोरी खाद, कृषि कार्यालय पर प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में खाद की कमी से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुरुवार दोपहर 3 बजे किसानों ने जिला कार्यालय और वितरण केंद्र पर प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत कराने का प्रयास किया।

किसान विजय पनिका ने बताया कि वे सुबह 5 बजे से लाइन में खड़े थे। शाम 4 बजे तक केवल एक बोरी खाद मिली। उन्हें छह बोरी खाद की आवश्यकता है। पूरे गांव के किसान इसी समस्या का सामना कर रहे हैं। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। खरीफ और रबी दोनों मौसम में समय पर खाद मिलना फसल के लिए जरूरी है। किसानों का कहना है कि अगर समय पर खाद नहीं मिली तो बुआई और सिंचाई प्रभावित होगी। इससे फसल खराब होने का खतरा है।

**मांग ज्यादा बढ़ने से परेशानी:** सहायक संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि खाद की उपलब्धता के लिए प्रयास जारी हैं। मांग अधिक होने से सभी किसानों को जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जिले में पर्याप्त खाद की आपूर्ति की जाएगी।

# एनसीएल मुख्यालय पर विस्थापितों का प्रदर्शन

## 50 हजार लोग हटाए जाएंगे; लोगों ने कहा- पुनर्वास नीति स्पष्ट करो



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** कोल इंडिया की मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय पर गुरुवार को विस्थापन संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। यह विरोध जयंत कोयला खदान के विस्तार को लेकर है।

संघर्ष समिति के संरक्षक अमित कुमार तिवारी ने बताया कि मोरवा इलाके से करीब 50,000 मूल निवासियों का विस्थापन होना है। नगर निगम के 5 वार्ड इससे प्रभावित होंगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि एनसीएल ने अभी तक विस्थापन नीति स्पष्ट नहीं की है।

**विस्थापित होने वालों की प्रमुख मांगें:** नगर निगम क्षेत्र में ही पुनर्वास, मकानों की उचित क्षतिपूर्ति, विस्थापन लाभ की स्पष्ट जानकारी

**कंपनी के पीआरओ बोले- नीति पारदर्शी:** कंपनी के पीआरओ राम विजय सिंह ने कहा कि एनसीएल की नीति पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि कंपनी विस्थापित परिवारों के हित में काम कर रही है। विस्थापित लोगों की समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक तरीके से बातचीत के जरिए किया जाएगा। यह सिंगरौली का अब तक का सबसे बड़ा शहरी विस्थापन माना जा रहा है। मोरवा सिंगरौली जिले का सबसे पुराना शहरी क्षेत्र है।

# सेमरिया में उर्वरक विक्रय केन्द्र का निरीक्षण 28 बोरी यूरिया जब्त

**सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि जिले में यूरिया उर्वरक की कमी व कालाबाजारी की संभावना को देखते हुए 28 अगस्त को राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल के द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सेमरिया विकासखण्ड सीधी में फुटकर उर्वरक विक्रेता कुवेर प्रसाद गुप्ता के उर्वरक गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें विक्रेता मौके पर उपस्थित नहीं होने पर संदिग्धता की स्थिति में गोदाम को सील किया गया। विक्रेता के गोदाम के पास ही वेदअंशिका मैरिज गार्डन के परिसर में 28 बोरी यूरिया का भण्डारण संदिग्ध स्थितियों में पाया गया जिसे मैरिज गार्डन के मालिक मनोज गुप्ता उपस्थिति में जब्त कर दिया गया।

# असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर, यतीन्द्र कुमार गुरू विशेष न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला सीधी में 28 अगस्त को न्यायाधीशगण हेतु नव-निर्मित आवासीय परिसर में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत निर्माणाधीन भवन में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मृदुल लटौरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा किया गया।

उक्त शिविर मे प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर द्वारा श्रमिकों के संवैधानिक अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, आयुष्मान कार्ड आदि लाभकारी योजनाओ के संबंध मे विस्तार से जानकारी प्रदान करने के साथ ही म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल तथा म.प्र.असंगठित (ग्रामीण एवं शहरी) कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा उपस्थित श्रमिकों को उनके अधिकार, नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, श्रमिकों से संबंधित कानूनी सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सीधी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के निर्देशन में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय से आई हुई टीम द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं जॉच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं हेतु एनीमिया स्क्रीनिंग, सिकल सेल, ब्लड प्रेशर, शुगर, लेप्रोसी का टेस्ट और अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु (नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज) का जांच किया गया।



इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.पी. के.सिंह ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पूरे उत्साह के साथ सहभागिता करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि आजकल के समय में किसको कौन सी बीमारी हो जाए यह पता नहीं चलता तो इसके लिए अति आवश्यक है कि आप सभी लोग इस अवसर का जरूर लाभ उठाएं और अपनी- अपनी जांच कराए। चिकित्सालय से आए हुए पुष्पेंद्र पांडे, प्रोग्राम ऑफिसर ने सभी छात्र-छात्राओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जांच करने की बात कही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रविंद्र नाथ सिंह, क्रीड़ा अधिकारी थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार सोनी कार्यक्रम अधिकारी (पु.) राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकाधिक मात्रा में शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ के साथ-साथ छात्रों छात्राओं ने परीक्षण कराया।

# सिहावल के ग्राम कुचवाही में मां के नाम एक पेड़ अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी के जिला समन्वयक शिवदत्त उरमलिया के मुख्य आतिथ्य एवं विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचवाही के प्राचार्य के विशिष्ट आतिथ्य में जीवन ज्योति हाई स्कूल कुचवाही में मां के नाम एक पेड़ अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में आम नीम अमला कटहल करंज सहजन आदि पौधे रोपित किए गए जिसमें नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी से रविशंकर मिश्रा ग्राम विकास परफुटन समिति कुचवाही से शिवेंद्र गुप्ता ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रजडीहा से शुभम तिवारी परामर्शदाता गोविंद प्रसाद गौतम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरशरहा से राजेश सिंह जीवन ज्योति हाई स्कूल के समस्त शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिकारियों के साथ प्रिंसिटिंग बैठक आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर एवं यतीन्द्र कुमार गुरू विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत में भू-अर्जन, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु 28 अगस्त को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण के साथ जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन में प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आपसी विवादों के समाधान एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही लोक अदालत के माध्यम से आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की रूपरेखा पर बल दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोक अदालत की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई और अधिक से अधिक मामलों को आपसी सहमति से निस्तारित करने के निर्देश प्रसारित किए गए।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण कर न्याय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में सहयोग प्रदान करें।

उक्त बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, राकेश शुक्ला एस.डी.एम गोपदबनास, अजीत सिंह बघेल कार्यपालन अभियंता एम.पी.ई.बी., विद्युत विभाग से उपस्थित मनबहोर पटेल, सीता प्रसाद पाण्डेय, नगर पालिका से ललोहर प्रसाद आर.आई. सहित एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना //**

**क्रमांक 806/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025** **रीवा, दिनांक 22.08.2025**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_422750_3 26.08.2025 (THIRD CALL) 616/ 13.05.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-04 में चारहटी मुख्य मार्ग में यादव बस्ती में RCC पुलिया निर्माण का कार्य। | 01 माह ₹00.78 लाख | ₹1000.00 ₹1560.00 | 04.09.2025 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_431658_2 26.08.2025 (SECOND CALL) 709/ 18.06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 में पिज्जा हट के पास NH-7 मेन रोड से अजय सिंह जी के घर तक सड़क के डामरीकरण का कार्य। | 02 माह ₹09.92 लाख | ₹2000.00 ₹9920.00 | 04.09.2025 18:00 बजे तक। |
| 3. | 2025_UAD_398329_2 26.08.2025 (SECOND CALL) 400/ 24.01.2025 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक-01 अंतर्गत आने वाले वार्डों में 02 नग मूत्रालय(Urinals) निर्माण का कार्य। | 02 माह ₹05.44 लाख | ₹2000.00 ₹5440.00 | 04.09.2025 18:00 बजे तक। |

**नोटः** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, जोन क्रमांक-01,03**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

# पचास फीसदी टैरिफ के प्रभाव

संपादकीय

27 अगस्त, सुबह 9.31 बजे से भारत में अमरीका का 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लागू हो गया। अब अमरीका जाने वाले भारतीय सामान पर कुल 50 फीसदी टैरिफ देना पड़ेगा। भारत और ब्राजील पर सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ थोपा गया है। जैसे ही अमरीका के गृह विभाग की अधिसूचना सामने आई, तैसे ही नुकसान और प्रभाव के आकलन और आंकड़े भी स्पष्ट होने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में एक महाबैठक बुलाई गई, जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद का मुकाबला करने के विकल्पों और रास्तों पर विमर्श किया गया। पहले अमरीका में प्रवेश करने वाले भारतीय उत्पादों एवं सेवाओं पर औसतन 3 फीसदी आयात शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। वह टैरिफ अब 50 फीसदी कर दिया गया है, लिहाजा फासला बहुत बड़ा है। सरकार समूचे प्रभावित क्षेत्रों को सबसिडी, कर्ज अथवा बेल पैकेज नहीं दे सकती। फिर भी कोरोना दौर जैसे बंदोबस्त करने होंगे। आम आदमी की क्रय-शक्ति कम न हो, बाजार में मांग बरकरार रहे, ताकि लघु, सूक्ष्म स्तर के उद्योगों में भी उत्पादन निरंतर जारी रह सके। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौती का दौर है। राष्ट्रपति ट्रंप की सोच समझ में नहीं आ रही कि वह भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के संबंध चाहते हैं अथवा भारत को दबाव में झुका देना चाहते हैं? जर्मनी के एक बहुप्रसारित अखबार ने खबर छापी है कि ट्रंप ने चार बार प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने बात नहीं की। हम इस खबर की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन भारत अभी आंख से आंख मिला कर बात करने की मुद्रा में है। सवाल है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ क्यों थोपा गया है, जबकि चीन पर 30 फीसदी, वियतनाम पर 20 फीसदी, यूरोपीय संघ और जापान पर 15-15 फीसदी टैरिफ लगाए गए हैं? बहरहाल टैरिफ लागू होने के बाद नोएडा, सूरत, तिरुपुर में वस्त्र उद्योग का उत्पादन ठप होने की खबर सामने आई, तो भारतीय निर्यातक संघ ने तुरंत मदद करने का आग्रह मोदी सरकार से किया। शुरुआती आकलन यह है कि टैरिफ का करीब 55 फीसदी निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। निर्यात कम होने से डॉलर भी कम होगा, नतीजतन डॉलर-रुपए के समीकरण भी प्रभावित होंगे। विदेशी निवेश भी कम होगा। भारत और अमरीका के बीच 2024-25 में 131 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हुआ। उसमें करीब 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत ने किया। वित्त-वर्ष 2025-26 में यह निर्यात घट कर 50 अरब डॉलर के करीब हो सकता है। यह बहुत गंभीर नुकसान होगा। करीब दो-तिहाई निर्यात, जो 60 अरब डॉलर का आंका गया है, 50 फीसदी टैरिफ के दायरे में आ जाएगा। यह श्रम-गहन वाले औद्योगिक क्षेत्रों- परिधान, वस्त्र, कालीन, झींगा मछली, रत्न-आभूषण और फर्नीचर आदि- पर हथौड़ा मारने जैसा होगा। सिर्फ कमीज का ही उदाहरण लें।

## शरीर को स्वस्थ रखना है तो रोगों पर कीजिए चौतरफा प्रहार

**डॉ. अंशुल उपाध्याय**

अगर आप बीमार हैं और इलाज ढूंढ़ रहे हैं तो आपको अपनी बीमारी पर चारों तरफ से वार करने की आवश्यकता है। कहने का तात्पर्य ये है कि, जब भी आपको मामूली बुखार या सर्दी-खांसी होती है तो आप डॉक्टर के पास जाकर एलोपैथी दवाई ले आते हैं और तीन-चार दिन में ठीक हो जाते हैं। उसके बाद फिर उसी रूटीन लाइफ में आ जाते हैं। परंतु वह तीन-चार दिन भी जब आप बीमार हुए थे तब आपका शरीर तो अंदर से कमजोर हो गया और फिर कुछ दिनों बाद वापस वही सर्दी खांसी आपको लौट कर आएगी। एलोपैथी तुरंत आराम तो दे देती है पर वो आपके मर्ज को सिर्फ दबा कर रखती हैं उसे पूरी तरह से ठीक नहीं करती। ठीक तो आपके शरीर को खुद आपका शरीर ही करता है। इसलिए अगर किसी भी बीमारी का आप जड़ से इलाज चाहते हैं तो अपनी दैनिक जीवन चर्या में कुछ चीजों को आपको शामिल करना होगा।

**व्यायाम-प्राणायाम बने जीवन का हिस्सा-** रोज प्रातः हल्का पैदल चलना या कुछ व्यायाम अवश्य करना चाहिए। उसके बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्राणायाम भी अवश्य करें। यह हो गया शारीरिक और मानसिक व्यायाम। ये न केवल आपकी ओबेसिटी पर प्रहार करेगा बल्कि आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाएगा।

**भोजन को चुनने में रखे सावधानी-** आपको अपने भोजन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हफ्ते में अगर आप दो दिन तला-भुना खा रहे हैं तो 4 दिन सादा भोजन करें। हो सके तो हफ्ते में एक दिन 15 से 20 घंटे का उपवास अवश्य करें। इसके पश्चात भोजन में आप क्या ग्रहण कर रहे हैं, उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए। क्योंकि,जो अनाज आप खा रहे हैं वह विभिन्न तरह के रासायनिक छिड़काव होने के बाद आपको प्राप्त हो रहा है। अगर आप उसे खा रहे हैं तो बीमारियों को खुद निमंत्रण दे रहे हैं। इसके विपरीत यदि आप जैविक खेती के द्वारा उत्पन्न कीटनाशी मुक्त अनाज जिसको कि आप ऑर्गेनिक कहते हैं वह खा रहे हैं, तो उसके द्वारा बहुत सी बीमारियों की संभावनाओं को तो आपने वैसे ही दूर कर दिया है। क्योंकि ÷जैसा खायेंगे अन्न वैसा ही रहेगाआपका मन÷ कीटनाशी युक्त भोजन आपके पेट में जाकर आपको नुकसान ही पहुंचाता है, आपके शरीर में यूरिया की मात्रा को बढ़ा देता है। किडनी, लीवर की समस्याएं बढ़ाने वाला है। साथ ही साथ कई तरह के कैंसर सेल के विकास में भी यह कीटनाशी सहायता प्रदान करते हैं। इसलिए कोशिश करें कि भले थोड़ा महंगा अनाज खरीदे पर ऑर्गेनिक अनाज ही खरीदे और खाए। कीटनाशक युक्त अनाज और सब्जियां पाचन में भी अधिक समय लेते हैं। और वह जितने समय तक आपके शरीर के अंदर के फंक्शन में सफर करते रहते हैं,उतना ज्यादा उनके हार्मफुल इफेक्ट आपके शरीर को होते हैं जिनमें कब्ज, एसिडिटी की समस्या तो आम बन गई हैं।

**भोजन पकाने के बर्तनों पर भी दें ध्यान-** पीतल, तांबे के बटुए में बना हुआ भोजन ही खाएं। पीतल के बटुए को भीतर से रांगा की पॉलिश करवा लें इससे दही-मट्ठे का भी अगर आप प्रयोग करके कुछ बना रहे हैं तो वह नुकसान नहीं करेगा। साथ ही एल्युमिनियम के बर्तनों को अपने किचन से निकाल दीजिए। बिल्कुल बहिष्कृत कर दीजिए। चाहे कढ़ाई हो, कुकर हो या भगोना हो। क्योंकि, एल्युमिनियम में ऐसा तत्व पाया जाता है जो आपकी याददाश्त को प्रभावित करता है और यह धीरे-धीरे आपके भूलने की प्रवृत्ति को बढ़ता जाता है। हमारे देश में पहले एल्युमिनियम का उपयोग नहीं किया जाता था। पर जब अंग्रेज भारत आए तो अपने साथ एल्यूमीनियम लेकर आए और उसका कारण ही यही था कि भारत के लोग जो इतने बुद्धिमान और सृजनशील थे तो इनके दिमाग को सुस्त करके इन पर राज कैसे किया जाए। इसलिए अंग्रेजों ने एल्युमिनियम के बर्तनों का चलन भारत में बढ़ा दिया। सस्ता होने के कारण लोग उन्हें खूब खरीदने भी लगे। अंग्रेज स्वयं तो पीतल, तांबे और सोने, चांदी के बर्तन उपयोग करते थे। कांच के और चीनी मिट्टी के बर्तन उपयोग करते थे। पर भारतीयों को उनके पीतल और कांसे से उन्होंने धीरे-धीरे दूर कर दिया। आज लगभग हर घर में आपको एल्युमिनियम के कढ़ाई, कुकर आसानी से देखने मिल जाएंगे जो कि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है।

"दुनिया तकनीकी प्रकृति चाहे जितनी कर ले, अंततः उसकी आर्थिक उन्नति, प्रगति एवं विकास के हल प्राकृतिक संपदा में ही निहित हैं। भारत हो या कोई अन्य देश खनिज और कृषि के बूते ही उन्नति के शिखर छूते हैं। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खन्न और उसका उपयोग मप्र के लोगों के लिए हो इस नजरिए से कटनी में खनिज कॉन्क्लेव संपन्न हुआ है। यह शुरुआत मप्र को 'खनिज राज्य' के रूप में विकसित करने की मुख्यमंत्री मोहन यादव की अहम् पहल है। इसी के फलस्वरूप खनिज कंपनियों द्वारा 56,414 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्रदेश सरकार को मिले हैं।"

# खनिज उत्खनन से होगा रोजगार का हल

**प्रमोद भार्गव**



वाकई किसी भी प्रदेश के लिए व्यवसायियों की यह रुचि नई ऊर्जा देकर उत्साहित करने वाली है। आधुनिक तकनीक से खनिजों का खनन एक ऐसा कारोबार हैं, जो निवेशकों को लाभदायी साबित होता हैं। दुर्लभ खनिजों की खोज और फिर उनका प्रसंस्करण एवं संवर्धन ऐसा उपाय है, जो कुशल और अकुशल दोनों ही लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार देता है। अब प्रदेश में कारगर उत्खनन के लिए एआई, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग की मदद से दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान में मदद मिलेगी।

दुर्लभ खनिजों के उत्खनन में संसद के मॉनसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक भी पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लिथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई हैं। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा कर दिया है। लेकिन भारत ने अब खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अभियान चलाया हुआ है। क्योंकि भारत की धरती पर इस नजरिए से प्रचुर मात्रा में धरती के गर्भ में हर तरह के खनिज मौजूद हैं। इसीलिए भारत अब अपनी षर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। मोहन यादव द्वारा कटनी कॉनक्लेव अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मप्र की धरती में खनिजों की खजाना भरा पड़ा है। इसके दोहन के लिए उद्योगपति बेकरार रहे हैं। इसीलिए कटनी कॉन्क्लेव में देशभर के करीब 1500 निवेशक शामिल थे। इनकी समस्याओं के हल के लिए यादव ने खनिज विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। यहां की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में जहां चूने के भंडार हैं, वहीं षडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं। प्रदेश में अब मजबूत सड़कों का जाल भी बिछ चुका है। यहां पांच लाख किमी लंबी सड़कें हैं। प्रदेश में अब कोयला और पानी से बिजली के उत्पादन के अलावा सौर ऊर्जा से भी बड़ी मात्रा में बिजली बन रही है। इस कारण बिजली प्रदेश की जरूरत से कहीं अधिक उत्पादित हो रही है। प्रदेश में ईंधन के खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है। प्रदेश में एक लाख एकड़ से अधिक भूमि बैंक चिन्हित हैं। इन सभी क्षेत्रों में बिजली जरूरत से ज्यादा उपलब्ध है। 20 प्रतिशत इन क्षेत्रों में हरित ऊर्जा उपलब्ध हैं, जो प्रदूषण से मुक्त है। प्रदेश का 2030 तक एनर्जी बास्केट में 50 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। प्रदेश में ज्यादातर खनिज ऐसे क्षेत्रों में हैं, जहां सस्ता श्रम आसानी से उपलब्ध है। प्रदेश में 5000 से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए 18 नई व्यापार मित्र नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों ने उद्योग लगाना सरल कर दिया है।

इन नीतियों के अमल में आने से सिंघल बिजनेस ने कोयला, गैस एवं नवीकरणीय ऊर्जा में 15000 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। इसी तरह हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड तांबे का उत्खनन करेगी। तांबे की खोज भारत में ऋग्वैदिक काल में ही कर ली गई थी। ऋग्वेद में तांबे से सुरक्षा कवच बनाने के उपायों का उल्लेख है। हिंदुस्तान कॉपर की 12 मिलियन टन तांबा उत्पादन करने की क्षमता है। इस कंपनी ने 32 टन तांबा अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के लिए दान में दिया था। इनके अलावा बिरला समूह, विनमिर रिसोर्सेस, रामनिक पॉवर, माइनवेयर एडवाइजर्स, महाकौशल रिफैक्ट्रीज और सायना गुप्र ने ग्रेफाइड, आयरन, कोयला, बॉक्साइड और अन्य धातुओं के उत्खनन के लिए निवेश प्रस्ताव प्रदेश सरकार को दिए हैं।

मुख्यमंत्री यादव का यह कॉनक्लेव असंगठित क्षेत्र में अधिकतम रोजगार के अवसर पैदा करेगा। असंगठित क्षेत्र की खनिजों में रुचि इसलिए भी बढ़ी हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां जीएसटी में सुधार का वादा किया है, वहीं यादव ने खनन के लिए पर्यावरण संबंधी नीतियों को सरल करने का काम किया है। क्योंकि अब तक राज्यों में खनिज लीज के बाद पर्यावरण कानून की अड़चने और अन्य विभागों द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना बड़ी बाधाएं रही हैं। साफ है, उद्योगपति और सरकार के बीच काम-काज के तौर-तरीके सुधरेंगे तो तय है, मप्र की तस्वीर भविश्य में बदलती दिखाई देगी।

# प्रिंस पर किताब बम करेगा धमाका

**अमिताभ श्रीवास्तव**

आत्महत्या करने से पहले अपनी आत्मकथा लिखकर छोड़ने वाली एक युवती इन दिनों इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि उसकी आत्मकथा की किताब ब्रिटेन के शाही परिवार के प्रिंस एंड्रयू के लिए एक बम साबित होने जा रही है। जो अक्टूबर में प्रकाशित हो रही है और बाजार में आ जाएगी। जी हां, प्रिंस एंड्रयू पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे अपनी कब्र से उठकर एक धमाकेदार संस्मरण के साथ बदला लेने जा रही है। अक्टूबर में प्रकाशित होने वाली इस पुस्तक में बताया जाएगा कि किशोरावस्था में उसकी तस्करी कैसे की गई थी। हालांकि ड्यूक ऑफ यॉर्क एंड्रयू ने इस बात से इनकार किया है कि उनके बीच कोई यौन संबंध था। 41 वर्षीय वर्जीनिया ने अप्रैल में आत्महत्या कर ली थी।

बताया जा रहा है कि गिफ्रे का यह अंतिम बदला है। वर्जीनिया गिफ्रे की आत्मकथा में प्रिंस एंड्रयू के साथ उनके संबंधों के 'अंतरंग और परेशान करने वाले' विवरण शामिल होंगे। इस धमाकेदार किताब में वह पहली बार खुलकर अपनी बात कहेंगी, क्योंकि बदनाम राजकुमार ने यौन शोषण के आरोपों को अदालत में जाने से रोकने के लिए उन्हें लाखों रुपए दिए थे। अक्टूबर में प्रकाशित होने वाली पुस्तक 'नोबडीज गर्ल' में खुलासा किया गया है कि कैसे एक किशोरी के रूप में उसकी शक्तिशाली अमेरिकी पीडोफाइल जेफरी एपस्टीन और उसकी ब्रिटिश मैडम गिस्लेन मैक्सवेल द्वारा यौन शोषण के लिए तस्करी की गई थी। तीन बच्चों की मां वर्जीनिया ने अप्रैल में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया स्थित अपने फार्म में आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व उन्होंने पुस्तक लिखना समाप्त कर दिया था। जो अब छप कर आने वाली है।

**शेरनियों का मिलन:** टेनिस विश्व की दो शेरनियों का कल एक समारोह में मिलन हुआ। अमेरिकन ओपन के बीच सेरेना विलियम्स ने अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी रही मारिया शारापोवा को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर उनके साथ एक भावुक क्षण बिताया। दोनों टेनिस आइकन खिलाड़ियों ने अपने करियर के अधिकांश समय कोर्ट पर संघर्ष किया और अपने समय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी रहीं। 38 वर्षीय शारापोवा को अमेरिका के रोड आइलैंड के न्यूपोर्ट में एक भव्य समारोह में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। शारापोवा अब उन 12 खिलाडियों में शामिल हो गइ हैं जिन्होंने एकल ग्रैंड स्लैम जीते हैं। इसमें 2004 में उनकी प्रसिद्ध विंबलडन जीत भी शामिल है, जब उन्होंने फाइनल में सेरेना विलियम्स को 6-1, 6-4 से हराया था। शारापोवा को अब इस खेल की दिग्गज खिलाड़ियों के साथ नामित होने का सम्मान दिया गया है।

# राष्ट्रीय विवेचन : बदलते मौसम में किसानों की बढ़ती मुश्किलें

"हिमाचल का मौसम पारंपरिक खेती की समझ से मेल नहीं खाता। तापमान वृद्धि, बर्फबारी की कमी और बारिश के असामान्य पैटर्न ने कृषि की दिशा ही बदल दी है। अब जरूरत है वैज्ञानिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक की। सेब की नई किस्में जो कम चिलिंग आवर्स में भी फल दें, जल-संरक्षण आधारित सिंचाई प्रणालियां जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर और जैविक खेती को बढ़ावा देना, ये सब अब अनिवार्य हो गए हैं"

**अनुज आचार्य**

प्राचीन भारत की आत्मा कृषि ही रही है। ऋग्वेद से लेकर पाराशर स्मृति तक हमारे शास्त्रों ने खेती को न केवल जीवन का आधार माना, बल्कि सम्मान और समृद्धि का स्रोत भी बताया है। ऋग्वेद में उल्लेखित है- 'अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व वित्ते रमस्व बहुमन्यमानः', अर्थात जुए में मत उलझो, खेती करो और सम्मानजनक जीवन जियो। इसी तरह कृषि पाराशर-श्लोक-8 में कहा गया है, 'कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषि।' जिसका अभिप्राय है कि कृषि को केवल अन्न उपजाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन और समाज के संचालन की धुरी माना जाए। लेकिन वर्तमान में वही कृषि अब संकटग्रस्त है। भारत का किसान, जिसने इस देश की सभ्यता और संस्कृति को पोषित किया, अब नीतिगत उदासीनता, बाजार की अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन की मार से जूझ रहा है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में किसानों के आंदोलनों की गूंज बार-बार सुनाई देती रही है। क्योंकि किसानों के लिए यह महज आंदोलन की बात नहीं है, बल्कि उनके अस्तित्व का सवाल है। यद्यपि सरकार की ओर से किसानों के लिए अनेक योजनाएं लागू हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 2028 तक बढ़ाकर केंद्र सरकार 10 लाख करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपए वार्षिक प्रत्यक्ष सहायता भी दी जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मानधन योजना, कृषि सिंचाई योजना जैसे कदम भी किसानों के लिए घोषित हुए हैं। मगर सवाल यह है कि क्या इन योजनाओं का वास्तविक लाभ हर किसान तक पहुंच पा रहा है? क्योंकि आंकड़े एक अलग तस्वीर पेश करते हैं। 1990 के बाद से प्रतिवर्ष दस हजार से अधिक किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से 2014 के बीच करीब तीन लाख किसानों ने आत्महत्याएं की हैं, जिनमें अकेले महाराष्ट्र में 60000 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं। यह स्थिति बताती है कि योजनाओं और राहत पैकेजों के बावजूद किसान की जिंदगी पर संकट जस का तस बना हुआ है। समस्या की जड़ केवल कर्ज, बीज या खाद तक सीमित नहीं है। जलवायु असंतुलन ने इसे और अधिक विकराल बना दिया है। हिमाचल प्रदेश इसका ज्वलंत उदाहरण है। प्रदेश केवल अपनी बर्फीली चोटियों और हरी-भरी वादियों से ही नहीं, बल्कि अपने खेतों और बागों से भी पहचाना जाता है। सेब, मटर, टमाटर, आलू और अन्य फसलों ने हिमाचल को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दी है। लेकिन अब मौसम का मिजाज किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।



वित्तीय वर्ष 2023-24 में हिमाचल का कुल फल उत्पादन 6.37 लाख टन रहा था, जबकि 2024-25 में दिसंबर तक यह घटकर 5.92 लाख टन पर सिमट गया। नई फसलों का रास्ता भी आसान नहीं है, उन्हें अपनाने में निवेश, तकनीक और बाजार तक पहुंच जैसी बाधाएं आती हैं। ऊपर से इस बार की बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और रोगों के प्रकोप ने किसानों की पूरी मेहनत चौपट कर दी है। जब महीनों की मेहनत एक ही रात की भीषण बारिश में नष्ट हो जाए, तो किसान का हौसला टूटना स्वाभाविक है। हिमाचल के किसानों का संघर्ष खेत तक ही नहीं, मंडियों तक फैला है। असुरक्षित पहाड़ी सडकें, महंगा परिवहन और बाजार में गिरते भाव किसान की आमदनी को और अस्थिर कर देते हैं। राज्य और केंद्र ने राहत के कुछ प्रयास किए हैं। बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत 2024-25 में 37 हजार मीट्रिक टन सी-ग्रेड सेब खरीदा गया और 45 करोड़ रुपए किसानों को राहत स्वरूप मिले। नए पौधे वितरित हुए और नए बाग लगाए गए। प्रदेश सरकार ने किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए गेहूं और हल्दी की खरीद की है। सरकार ने 838 किसानों से 2123 क्विंटल गेहूं की खरीद की है और उनके बैंक खातों में 1.31 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए हैं। इसके अलावा सरकार ने 6 जिलों के किसानों से 127 मीट्रिक टन हल्दी की खरीद की है और उन्हें 1.14 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं। प्रदेश में अब तक 3.06 लाख किसानों ने प्रशिक्षण हासिल किया है और 222893 से अधिक किसान विभिन्न फसलें उगा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विदेशी सेब पर शुल्क बढ़ाने की मांग भी रखी है। लेकिन जमीनी स्तर पर चुनौतियां कम नहीं हुई हैं, असल समस्या यह भी है कि जलवायु परिवर्तन अब स्थायी रूप ले चुका है। हिमाचल का मौसम पारंपरिक खेती की समझ से मेल नहीं खाता। तापमान वृद्धि, बर्फबारी की कमी और बारिश के असामान्य पैटर्न ने कृषि की दिशा ही बदल दी है।

अब जरूरत है वैज्ञानिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक की। सेब की नई किस्में जो कम चिलिंग आवर्स में भी फल दें, जल-संरक्षण आधारित सिंचाई प्रणालियां जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर और जैविक खेती को बढ़ावा देना, ये सब उपाय अब अनिवार्य हो गए हैं। सिर्फ तकनीक ही नहीं, किसानों की आय को स्थिर करने के लिए बाजार सुधार भी आवश्यक हैं। यदि डिजिटल प्लेटफॉर्म और सहकारी समितियों के जरिए किसान सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें तो बिचौलियों की भूमिका घटेगी और आमदनी सुनिश्चित होगी। फसल बीमा और राहत तंत्र भी मजबूत बनाना होगा। हिमाचल जैसे आपदा-प्रवण प्रदेश में बिना बीमा खेती करना हर बार जुए की तरह है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि किसान की मेहनत सुरक्षित हो, उसकी आय स्थिर हो और उसके भविष्य में विश्वास की गारंटी हो।

# कलेक्टर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण





**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को संबंधित अधिकारियों के साथ सोहावल और नागौद विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा विभागीय गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, अशोक मिश्रा, कृषि यंत्री एवं कृषि से संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सबसे पहले सोहावल विकासखण्ड के ग्राम बराकला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र की गतिविधियों तथा लोगों को प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने आरोग्य मंदिर में संधारित दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम तूमिन और मुडहा कला में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कस्टम हायरिंग योजना के तहत हितग्राही जगदीश सिंह चौहान और अमित तिवारी के स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग की गतिविधियों नरवाई प्रबंधन और कृषि यंत्रों के किसानों द्वारा लिये गये लाभ के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने सोहावल विकासखण्ड के ग्राम मुडहा कला में शासकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों के पास किताबों एवं पाठ्य सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय की पठन-पाठन की गतिविधियों के बारे में भी पूंछतांछ की। मुडहा कला के सरपंच प्रमोद सिंह ने बताया कि विद्यालय की बाउंड्री बाल और मध्यान्ह भोजन की किचेन शेड क्षतिग्रस्त हो गया है। कलेक्टर ने मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कर जिला स्तर पर भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उचित तरीके से स्कूल का संचालन नहीं पाये जाने पर प्रधानाध्यापक और सीएसी का वेतन काटने और वार्षिक वृद्धि रोकने नोटिस जारी करने के निर्देश डीपीसी को दिये।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अधिकारियों के साथ नागौद विकासखण्ड के सितपुरा में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से स्थापित पाली हाउस का निरीक्षण किया। पाली हाउस में गुलाब की खेती की जा रही है। कलेक्टर ने नागौद के जसो में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण कर छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं एवं पठन-पाठन की गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने नागौद के विपणन केन्द्र का निरीक्षण कर किसानों को उर्वरक वितरण व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

## सिन्धी फिल्म छल याद रखऊ आज से

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** सिंधी समाज के उत्साही नवयुवकों द्वारा विगत कई वर्षों से सतना व आसपास के सिंधी समाज के लिए सिंधी भाषा के बढ़ावे हेतु सिंधी भाषा की सीफ़िल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उक्त फिल्मों को समाज वालों का भी भरपूर प्यार व सहयोग मिल रहा है। संयोजक समिति के सदस्य मनोज नोतानी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि आयोजन समिति द्वारा सिंधी फिल्मों की इसी कड़ी में शुक्रवार 29 तारीख से भोपाल के दिग्गज निर्माता, निर्देशक प्रेम सावलानी द्वारा निर्मित पारिवारिक फिल्म शल याद रखऊं को स्थानीय आई म्यूजिका सिनेमा में लगवाया जा रहा है।

फिल्म के प्रीमियर शो का उद्घाटन श्री झूलेलाल मंदिर के संत समाणाराम द्वारा शाम 4.30 बजे भगवान झूलेलाल जी की पूजा करके व रिबन खोलकर किया जायेगा।




फिल्म देखने के लिए सतना के अलावा आसपास के क्षेत्रों रीवा,मैहर, नागौद, जैतवारा के सिंधी समाज ने भी आने की स्वीकृति दी है। इसके पूर्व भी प्रेम सावलानी द्वारा निर्मित डेवालो को समाज द्वारा काफी पसंद किया गया था।

संयोजक समिति के रूपेश वलेचा, राजेश कोटवानी, जितेंद्र साबनानी, गुरमुख पंजवानी, मनोज नोतानी व योगेश दासानी ने सारे सिंधी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उक्त फिल्म को देखने की अपील की है।

## मीरानी कॉलोनी मे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** श्री गणेश महोत्सव के शुभ अवसर पर गणेश महोत्सव समिति द्वारा 29 अगस्त शुक्रवार को प्रात: 11:00 बजे से मीरानी कॉलोनी मे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संजय तीर्थवानी 6 जिला उपाध्यक्ष भाजपा 8 वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर शुगानी रक्तवीरों के प्रेरक विनोद गेलानी लखन राजपाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

आयोजक मंडल के निक्की मनचंदानी ने बताया इस अवसर पर मानवता की सेवा के लिए युवा मातृशक्ति व अनेक समाजसेवी रक्तदान करेंगे उल्लेखनीय है समिति द्वारा पिछले वर्ष भी गणेश महोत्सव




के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। मिरानी कालोनी की पूरी टीम ने समाज सेवीयो से रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

## एम्बुलेंस ड्राइवर और बेटे से मारपीट, जिला अस्पताल के बाहर 3 लोगों ने की पिटाई; रात में एंम्बुलेंस चलाने से रोका

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** जिला अस्पताल के सामने एम्बुलेंस चालक और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

नजीराबाद वार्ड नंबर 35 के रहने वाले मोहम्मद अमीन उर्फ चिन्नू (50) ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 26-27 अगस्त की रात करीब 2:30 बजे वह अपने बेटे मोहम्मद अमन के साथ जिला अस्पताल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कल्लू, मोहम्मद अमन और गोलू मंजा ने उन्हें रोक लिया।



**रात में एंबुलेंस चलाने से रोका:** आरोपियों ने रात में एम्बुलेंस चलाने पर आपत्ति जताते हुए पहले गाली-गलौज की, फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान मोहम्मद अमीन के बाएं पैर की उंगली और दाहिने पैर में चोट लगी, जबकि बीच-बचाव करने आए उनके बेटे मोहम्मद अमन को भी पीटा गया। अमन के सीने और पैर में चोट आई है।

**बेटे को भी पीटा:** घटना के दौरान मोहल्ले के गुड्डा विश्वकर्मा और सलमान बाटा ने बीच-बचाव कर किसी तरह आरोपियों को वहां से हटाया। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगर दोबारा रात में एम्बुलेंस चलाई तो जान से मार देंगे। मारपीट का पूरा वीडियो किसी ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा में आ गया। पुलिस ने मोहम्मद अमीन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## मझगवां पंचायत में समस्याओं के समाधान को लेकर धरना प्रदर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** ग्राम पंचायत मझगवां में लंबे समय से व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने उपसरपंच सफीक राजू सौदागर और कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और धरना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और प्रतिनिधि उदासीन बने हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने साफ पानी, सड़क, नाली, सफाई व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग उठाई। कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जब तक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने पंचायत सचिव और संबंधित विभागों को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा शामिल रहे।

## जल-जीवन मिशन के पाइप चोरी, नागौद रोड से 10 लाख के 119 पाइप गायब

### 1 साल में 435 पाइप चोरी, करीब 40 लाख का नुकसान




**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** जल जीवन मिशन बाणसागर प्रोजेक्ट-2 के तहत एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। सतना-नागौद रोड पर सड़क किनारे रखे गए डक्टाइल आयरन के 119 पाइप 27 अगस्त की सुबह चोरी हो गए। इन पाइपों की कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है। यह पाइप केईसी इंटरनेशनल की पेटी ठेका कंपनी एएंडएन इंफ्रा द्वारा बिछाए जाने थे। कंपनी मैनेजर मोहित शुक्ला ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरी में इस्तेमाल वाहनों की तलाश कर रही है।

**डेढ़ क्विंटल वजनी पाईप रात भर में गायब:** जानकारी के अनुसार, 25 अगस्त को झाली-बैरहना यार्ड से नागौद रोड पर बिछाने के लिए पाइप आवंटित किए गए थे। बुधवार सुबह कंपनी के कर्मचारियों को पाइप गायब मिले। फर्म संचालक अर्पित वर्मा के मुताबिक, हर पाइप का वजन डेढ़ क्विंटल है, जिसे हाइड्रा जैसे बड़े वाहन के बिना उठाना संभव नहीं है।

चिंता की बात यह है कि पिछले एक साल में बाणसागर प्रोजेक्ट-2 से अब तक कुल 435 पाइप चोरी हो चुके हैं। इन चोरी की घटनाओं से करीब 40 लाख रुपए का नुकसान हो चुका है। इससे पहले भी कंपनी ने कोलगवां और कोठी थानों में चोरी की शिकायतें की थीं, लेकिन एफआईआर के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं दिए गए थे।

## राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुई। राज्यमंत्री बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है।

## मीरानी कॉलोनी में विराजे 14 फिट के गणेश, नासिक से बनवाई डिजाइन; 10 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मीरानी कालोनी में 14 फिट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घरों और पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ हुआ। शहर में कई जगह प्रतिमाएं स्थापित हो गई है जबकि कुछ स्थानों पर बुधवार की रात भी गणेश प्रतिमाएं स्थापना के लिए ले जाई गई।

मंगलवार की रात 2 बजे मीरानी कालोनी में गणेश प्रतिमा के आगमन पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया। सिंधी कैंप स्थित मीरानी कालोनी में पिछले 11 वर्षों से गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष की विशेषता है कि गणेश जी के साथ 10 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। इनमें भगवान शिव, माता पार्वती, ब्रह्मा, विष्णु, सरस्वती, लक्ष्मी, अग्नि देव, सूर्य देव, पवन देव और कुबेर की प्रतिमाएं शामिल हैं। ये वही देवी-देवता हैं



जिन्होंने गणेश जी को गज मस्तक धारण करते समय वरदान दिया था। गणेश उत्सव समिति के सदस्य मनोहर सुगानी के अनुसार, उत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिमा की डिजाइन नासिक से विशेष रूप से तैयार करवाई गई है।

## अबेर रामानुजन में टोकन के आधार पर खाद वितरण शुरू

**कोटर।** अबेर रामानुजन क्षेत्र में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने टोकन प्रणाली लागू की है। बुधवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खाद वितरण कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ किया गया। टोकन के आधार पर किसानों को क्रमवार खाद दी जा रही है, जिससे अव्यवस्था और भीड़भाड़ की स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण बना हुआ है। ग्रामीण किसानों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे उन्हें खाद लेने में पारदर्शिता और सुविधा मिल रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पात्र किसानों को निर्धारित मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाएगा और किसी को भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## ग्रामीणों ने बीमार को चारपाई पर उठाया, सड़क न होने से नहीं पहुंच पाई एम्बुलेंस



**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** मध्य प्रदेश के मैहर में बंशीपुर गांव के उमरिया टोले में सड़क न होने से एक बीमार व्यक्ति को चारपाई पर ले जाना पड़ा। बुधवार को बारिश के कारण रास्ते में कीचड़ भर गया था। एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई। मरीज दीन दयाल पाल को चार लोगों ने कंधों पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया।

**गांव में आधा किलोमीटर का रास्ता खराब:** इस टोले में करीब 100 से ज्यादा लोग रहते हैं। यहां की सरपंच सुमन पटेल भी इसी मोहल्ले की निवासी हैं। सरपंच के पति के अनुसार आधा किलोमीटर का रास्ता खराब है। सड़क न बनने का कारण ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद है।

उमरिया टोले में 8 से 10 घरों की बस्ती है। सड़क निर्माण का प्रस्ताव लगा हुआ है। प्रशासन ने जल्द ही काम शुरू करने का आश्वासन दिया है। इस घटना के बाद ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## संतों की नाराजगी दूर करने चित्रकूट पहुंचे गणेश सिंह

### मंदाकिनी में गंदे पानी की रोक और अन्य मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** चित्रकूट में बुधवार को सांसद गणेश सिंह और विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने साधु-संतों से मुलाकात की। बैठक मंदाकिनी रिसॉर्ट में हुई, जिसमें धार्मिक नगरी के विकास कार्यों पर बातचीत हुई। कुछ दिनों से साधु-संत विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर नाराज थे।



**मंदाकिनी में गंदा पानी मिलने से रोकने की मांग:** बैठक में संतों ने कई सुझाव दिए। उन्होंने मां मंदाकिनी नदी में गिर रहे गंदे पानी को रोकने की मांग की। साथ ही सीवर लाइन का काम दीपावली मेले से पहले पूरा करने और अधूरी नालियों को ठीक करने की बात कही। संतों ने मल्टीलेवल पार्किंग, नए घाट, सुलभ शौचालय और अच्छी सड़कों की भी मांग रखी।

**पार्किंग व्यवस्था सुधारने की भी मांग:** इसके अलावा, जंगलों में रहने वाले साधु-संतों को सुरक्षा देने और सरकारी योजनाओं में संतों को भागीदार बनाने का सुझाव दिया गया। अमावस्या और दीपावली मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने की भी मांग उठाई गई।

सांसद गणेश सिंह ने सभी सुझावों का स्वागत किया और उन पर काम करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण बनाया है और भगवान राम लोक का निर्माण भी कराया जा रहा है। बैठक में कई साधु-संतों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष और अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाइस हजार रुपए की अंगूठी जांच पर निकली 2 हजार रुपए की, तत्कालिन जिला पंचायत सदस्य की दुकान से हुई थी खरीदीं

**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** भीम ज्वेलर्स रामनगर से खरीदी गई (22800) बाइस आठ सौ रूपये की की अंगूठी का वास्तविक मूल्य जांच के दौरान निकली(2000) दो हजार रूपये की। जो की तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य भीमसेन सोनी की दुकान से खरीदी गई थी।

**यह है मामला:** रामनगर के वार्ड नं 05 निवासी राजकुमारी मिश्रा उनकी पुत्री प्रिया मिश्रा ने वर्ष 2023 नवरात्रि के समय भीम ज्वेलर्स के यहां से अंगूठी खरीदी थी जिसकी कीमत सामने वाले ने (22800) बाइस हजार आठ सौ रूपये नगद भुगतान किया था।

सतना ज्वेलरी शाप में जांच के दौरान बाइस हजार की अंगूठी की वास्तविक कीमत पता चली दो हजार रूपए। दो हजार का नाम सुनते ही मां और बेटी दोनों के पैरों तले जैसे जमीन खिसकी गई। मेहनत की कमाई से पैसा जोड़कर खरीदी अंगूठी जब डुप्लीकेट निकली तो सांसों की गति धड़कने तेज हो गई।

रामनगर पहोचे ही भीमसेन सोनी के घर जा पहोंची जहां भीम की बेगम कंचन सोनी से बहुत ज्यादा विवाद हो गया। अंगूठी फेंककर अपने घर आई जहां कुछ ही देर पर परिस्थितियो को भापते हुए भीमसेन सोनी भाभी जी भाभी कर्ता हुआ



उनके घर पहोंचा उनके चरण स्पर्श किया पैर पकड़कर गिड़गिड़ाता हुआ बैठ गया।

पैसा वापस किया बिल लिया समाज का वास्ता देकर चलता बना। अभी तो और भी बहोत से ऐसे लोग होगे जो इसका शिकार हुए होगे जब ओ उन आभूषणो को जो इसके यहां से लिए हैं जाच कराएंगे तब तो सत्यता समाने आएगी।

# एसटीआर में बाघ रावण-2 के शिकार का मामला: ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर लगाया जबरन मारपीट और दंड-बैठक लगवाने का आरोप

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बुजुर्ग बाघ रावण-2 (टी-35) के शिकार मामले में एक ओर वन विभाग की टीम शिकारियों की तलाश में जुटी है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने फॉरेस्ट अधिकारियों पर प्रताड़ना, मारपीट और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। केसला थाने में एक ग्रामीण ने इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है।



**बिना ठोस सबूत गांवों में दबिश, ग्रामीणों में आक्रोश :** बाघ की मौत के बाद से एसटीआर, टाइगर स्ट्राइक फोर्स (ञ्चस्स्न) और सामान्य वन मंडल की संयुक्त टीमें लगातार बढ़ चापड़ा, बारधा और आस-पास के गांवों में दबिश दे रही हैं। पूछताछ के नाम पर ग्रामीणों को हिरासत में लिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी ठोस सबूत के उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। बुधवार को बारधा गांव निवासी अजय लविस्कर ने केसला थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि वन विभाग की टीम ने उन्हें हिरन चापड़ा नर्सरी ले जाकर बंद कमरे में डंडे से पीटा और जबरन दंड बैठक लगवाई।

**100 उठक-बैठक लगवाई, फिर डंडे से पीटा :** अजय लविस्कर ने शिकायत में बताया कि 26 अगस्त को वह गांव की एक दुकान पर बैठा था, तभी वन विभाग की टीम उसे हिरासत में लेकर हिरन चापड़ा नर्सरी ले गई। वहां बंद कमरे में पूछताछ करते हुए आरोप लगाया गया कि वह बाघ के शिकार की जानकारी छुपा रहा है। जब उसने किसी भी जानकारी से इनकार किया, तो उसे 100 उठक-बैठक करने को कहा गया। पूरा नहीं कर पाने पर उसकी पिंडलियों पर डंडे से पिटाई की गई, जिससे सूजन आ गई और चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है। इलाज कराने के एक दिन बाद बुधवार को उसने थाने में शिकायत की।

**केसला थाना प्रभारी उमाशंकर यादव ने बताया:** अजय लविस्कर ने आदिवासी संगठन के सदस्यों के साथ आकर थाने में शिकायत की है। उनका कहना था कि बिना किसी सबूत के ग्रामीणों के साथ इस तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। जांच की जा रही है।

**फॉरेस्ट विभाग ने आरोपों से किया इनकार :** इस पूरे मामले पर बोरी अभ्यारण्य के असिस्टेंट डिप्टी डायरेक्टर विनोद वर्मा ने कहा कि बाघ के शिकार की गंभीर घटना के चलते कुछ ग्रामीणों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। किसी के साथ मारपीट या अभद्रता नहीं की गई है। सभी को पूछताछ के बाद सकुशल घर छोड़ा गया है।

**ग्रामीणों ने ग्राम सभा में जताया विरोध :** वहीं घटना के बाद बुधवार को बढ़ चापड़ा गांव में ग्रामीणों ने पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया, जिसमें वन अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ा विरोध दर्ज किया गया। ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक जांच टीमें कोई ठोस सबूत नहीं लातीं, तब तक उन्हें गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ग्राम सभा में यह भी आरोप लगाया गया कि पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए ग्रामीणों को बंद कमरे में भूखा-प्यासा रखा गया और कुत्तों के सामने डालने जैसी धमकियां दी गईं। आदिवासी समुदाय ने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**बाघ की देख-रेख और जिम्मेदारी को लेकर उलझा विभाग :** जानकारी के अनुसार, 13-14 वर्षीय बाघ रावण-2 का शव 22 अगस्त को तवा नदी के बैकवाटर क्षेत्र में मिला था, जो एसटीआर की सीमा से बाहर का क्षेत्र माना जा रहा है। इसको लेकर विभागों में जिम्मेदारी तय करने को लेकर टाल-मटोल जारी है। एसटीआर की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा का कहना है कि बाघ एसटीआर का है, लेकिन बुजुर्ग होने के कारण वह कोर एरिया छोड़कर वन विकास निगम और सामान्य वन मंडल के जंगलों में रहने लगा था। ऐसे में उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उन्हीं की बनती है।वहीं, वन विकास निगम के महा प्रबंधक आलोक कुमार का कहना है कि बाघ अगर एसटीआर का था तो उसकी सुरक्षा जिम्मेदारी भी एसटीआर की बनती है। निगम के पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है।

## कांग्रेस बोली- सड़क की मौत हुई, अब पिंडदान कर रहे; खंडवा में पंधाना रोड़ पर ढाई घंटे प्रदर्शन, देरी से निकल पाए वाहन



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा में पंधाना रोड़ पर बुधवार को कांग्रेस नेताओं के प्रदर्शन से पौने दो घंटे रोड़ पर चक्काजाम रहा। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लगीं। लोगों ने स्वेच्छा से इस प्रदर्शन का समर्थन किया। खास बात यह रही कि विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सिर मुंडवा लिए। उन्होंने कहा कि सड़क की दुर्दशा ऐसी हैं कि, उसकी मृत्यु हो गई हैं। अब उसका पिंडदान हुआ हैं। ताकि सरकार के ऊपर से भूत-प्रेत का साया हटे और वो सड़क निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए। इधर, चक्काजाम दोपहर पौने बारह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चला। आखिरी में पदमनगर टीआई प्रवीण आर्य को सौंपकर प्रदर्शन खत्म हुआ।

कांग्रेस का प्रदर्शन सिरपुर फाटे पर हुआ हैं, जहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर कैथवास, सुनिल आर्या, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओंकार पटेल, विकास व्यास, रामपालसिंह सोलंकी, अयान खान, महेंद्र पटेल, श्रीराम पटेल, लखन चतरे, अब्दुल कादर आदि मौजूद थे। इनमें से पांच नेताओं ने सिर मुंडन कराया।

**कल सर्व समाज का बड़ा आंदोलन :** खंडवा में कल गुरुवार को खराब सड़क को लेकर शहर से लेकर पंधाना तक प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में करणी सेना, भारतीय किसान संघ सहित कई सामाजिक संगठन शामिल होंगे। हजारों लोगों के जुटने की संभावना हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपालसिंह पुरनी भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

## सागर में नोटों की गड्डी दिखाकर बुजुर्ग से ठगी-बीना का रास्ता पूछने के बहाने रोका, बातों में उलझाकर सोने के गहने ले भागे बदमाश

**सागर, एजेंसी।** सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। गणेश प्रतिमा लेने बड़ी बाजार जा रहीं महिला को दो बदमाशों ने नोटों की गड्डी का लालच दिखाकर बातों में उलझाया और उनके गले से सोने की चैन और कानों से बालियां उतरवाकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में दोनों संदिग्ध युवकों की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनके आधार पर पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।



**बातों में उलझाकर ले गए गहने :** ठगी की शिकार हुई 62 वर्षीय गोमती शर्मा, निवासी इतवारा जैन मंदिर के पास, ने बताया कि वह बुधवार को गणेश प्रतिमा लेने बाजार गई थीं। लौटते समय रास्ते में दो युवक मिले जिन्होंने बीना का रास्ता पूछा। महिला ने उन्हें रेलवे स्टेशन की दिशा बताई। इसी दौरान युवकों ने बताया कि उनके पास पैसे नहीं हैं और उन्होंने खाना भी नहीं खाया है। महिला ने उन्हें कुछ पैसे देने की बात कही। इसके बाद युवक उन्हें गली की ओर ले गए और बातों में उलझाकर गले की सोने की चैन और कानों के गहने उतरवाकर उन्हें थमा दिए और कहा- मम्मी, ये तुम्हारे गहने हैं। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए। इसके बाद जब महिला को होश आया तो गहने गायब थे।

## छतरपुर में न्याय पथ अभियान का असर, 430 फरार आरोपी गिरफ्तार; 25 साल पुराने मामले भी खुले, 5 लाख रुपए से अधिक का था इनाम

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के नेतृत्व में चल रहे न्याय पथ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अब तक 430 से ज्यादा फरार आरोपियों को पकड़ा है। इन पर 5 लाख रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित था। बड़ामलहरा पुलिस ने 7 साल से फरार एससी-एसटी एक्ट के आरोपी सफीक नट को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।



**25 साल पुराने मामले भी खुले :** नौगांव पुलिस ने 25 साल पुराने अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा। इसी तरह 17 साल पुराने हत्या के प्रयास के आरोपी को भी गिरफ्तार किया। बमीठा पुलिस ने 14 साल पुराने विस्फोटक मामले के आरोपी को पकड़ा।

मातगुवां पुलिस ने 10 साल से फरार लूट के आरोपी को पकड़ा। जुझार नगर पुलिस ने 25 साल पुराने छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया। बिजावर और गौरिहार पुलिस ने पुराने चोरी के मामलों के आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों पर हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण, दुष्कर्म, चोरी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामले दर्ज थे। सभी को कोर्ट में पेश किया गया है। अभियान अभी भी जारी है।

## क्षमा धर्म के साथ 10 दिवसीय पर्युषण पर्व, व्यवस्थापक बोले- यह नीति; न्याय और धर्म के 10 मुखों के प्रतीक



**रायसेन, एजेंसी।** जैन धर्मावलंबियों का पर्युषण पर्व गुरुवार से शुरू हो गया। सुबह से श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर और श्री 1008 शांतिनाथ जिनालय में जैन धर्मावलंबियों का आगमन शुरू हो गया। आत्म शुद्धि का ये महापर्व 10 दिवसीय होता है। इस दौरान सुबह अभिषेक, दोपहर में शांति धार विधान और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**10 लक्षण नीति, न्याय और धर्म के प्रतीक :** समाज के प्रचार प्रसार व्यवस्थापक राकेश जैन और मुकेश जैन ने बताया कि, यह आत्म शुद्धि का महापर्व है। इसे दस लक्षण कहा जाता है, क्योंकि यह नीति, न्याय और धर्म के दस मुखों का प्रतीक है। जैसे रावण के दस मुख अनीति, अन्याय और अधर्म के प्रतीक थे। ठीक वैसे ही यह दस लक्षण आत्माराम के धार्मिक गुणों को दर्शाते हैं। इन 10 दिनों में जैन समाज के लोग पाप, राग-द्वेष को समाप्त करने के लिए कठिन साधना और उपवास करते हैं।

## किला मैदान क्षेत्र से अस्थाई दुकानें, झूले और बिस्टान रोड से हटाया अतिक्रमण

**खरगोन, एजेंसी।** नगर पालिका ने बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी। नपा अमले ने बुधवार को किला मैदान क्षेत्र से अस्थाई दुकानों और झूलों को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई गणेशोत्सव पर्व के दौरान कुंदा तट स्थित गणेश मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर की गई है।



गणोत्सव के दौरान मंदिर परिसर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के अधिक संख्या में दर्शनलाभ लेने के दौरान अत्यधिक संख्या में वाहनों का जमावड़ा लग जाता है, जिसके तहत यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसी के साथ शहर के बिस्टान रोड पर कुछ दिनों पहले कार्रवाई कर हटाए गए अतिक्रमण के बाद दुकानदारों ने दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर लिया। सीसीटीवी फुटेज में दोनों युवक कैद ठगी की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी मनीष सिंघल ने बताया कि महिला द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है।

चूंकि घटनास्थल मोतीनगर थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए मामले से संबंधित आवेदन कार्रवाई के लिए वहां भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही है। मामले में जल्द खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। जिसे बुधवार को फिर से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 20 से अधिक दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को सख्ती से हटाया गया है। प्रभारी राजस्व अधिकारी महेश वर्मा ने बताया कि गणेशोत्सव से लगातार तीज त्यौहारों का दौर शुरू हो रहा है। शहर में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो, इसके लिए निकाय द्वारा सतत कार्रवाई की जाएगी।

## उज्जैन में रामघाट के मंदिरों में घुसा शिप्रा का पानी, नदी का जल स्तर बढ़ने से छोटे मंदिर भी डूबे; प्रशासन की अपील- घाटों से दूर रहें

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन, इंदौर और आसपास के इलाकों में बुधवार को हुई लगातार तेज बारिश के कारण मोक्षदायिनी शिप्रा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। गुरुवार सुबह से रामघाट क्षेत्र में स्थित छोटे-छोटे मंदिरों तक नदी का पानी पहुंच गया। घाट पर स्थित कई मंदिरों में बाढ़ का पानी घुस गया, जिस कारण श्रद्धालुओं को घाट से दूर रहने की हिदायत दी गई है। बुधवार को उज्जैन और इंदौर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे बुधवार रात से शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया था। उज्जैन में सुबह से ही रामघाट के कई मंदिर डूबे नजर आए, यहां तक कि बड़नगर की ओर जाने वाली छोटी रपट भी पानी में डूब गई।



**10 दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी:** वेधशाला के अनुसार, मंगलवार रात का तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस और दिन का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार शाम तक कुल 565.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अनुमान है कि गणेश स्थापना के दौरान बारिश का असर बना रहेगा और अगले 10 दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी।

**प्रशासन की अपील घाटों से दूर रहे :** नगर निगम और जिला प्रशासन ने स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है। घाट क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नदी के किनारों और घाटों पर न जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। मौसम विभाग के अनुसार, उज्जैन-इंदौर संभाग में अगले 24 घंटों तक मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में शिप्रा नदी के जलस्तर में और बढ़ सकता है।

## खराब फसल लेकर सड़क पर लेटे किसान, सीहोर में किसानों का विरोध प्रदर्शन; 5 साल से नहीं मिली फसल बीमा की राशि



**सीहोर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में किसानों का आंदोलन एक सप्ताह से जारी है। किसान फसल बीमा राशि और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले 5 सालों से उनकी फसल खराब हो रही है। कई किसानों को अभी तक बीमा राशि नहीं मिली है। जबकि कुछ किसानों के खातों में उम्मीद से कम पैसे भेज गए हैं।

**खराब फसल लेकर सड़क पर लेटे किसान :** किसान नेता एम एस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान जिला प्रशासन और बीमा कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान अपनी खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर सड़क पर लेट गए। उनकी सरकार से मांग है कि फसल बीमा की पूरी राशि उन्हें सम्मानपूर्वक दी जाए।

# रतलाम के मुख्य पोस्ट ऑफिस से 7 लाख की चोरी, तड़के ताला तोड़कर घुसा बदमाश; ग्राइंडर से काटा लॉकर, एसपी बोले- आरोपी को जल्द पकड़ेंगे

**रतलाम, एजेंसी ।** रतलाम शहर के सैलाना बस स्टैंड स्थित जिले के मुख्य डाकघर में गुरुवार तड़के बड़ी चोरी हो गई। बदमाश मुख्य कार्यालय के चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसा और लॉकर का ग्राइंडर से ताला काटकर करीब 7 लाख रुपए नक दी चुराकर फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही सुबह करीब 8 बजे एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, स्टेशन रोड टीआई स्वराज डाबी और माणकचौक टीआई अनुराग यादव सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।



**सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, चार टीमें गठित :** चोरी की वारदात पोस्ट ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। तड़के करीब 4 बजे एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधकर और बैग लेकर डाकघर में घुसते हुए कैमरे में दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि शहर और पोस्ट ऑफिस के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**डॉग स्क्वॉड और तकनीकी टीम भी जुटी जांच में :** पुलिस ने चोर के सुराग के लिए डॉग स्क्वॉड की मदद भी ली है। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी अलग-अलग टीम बनाकर आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग में जुटे हुए हैं।बाघ की मौत के बाद जिम्मेदारी तय करने की बजाय विभागों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। शिकारियों की तलाश जारी, अब तक सुराग नहीं बाघ के पंजा काटकर किए गए इस शिकार की घटना को उजागर हुए एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन अभी तक न शिकारियों का कोई सुराग लगा है और न ही शिकार की सही जगह का पता चल पाया है।उन्होंने बताया कि नपा टीम शहरी क्षेत्र में निगरानी रख अतिक्रमण करने वालों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। टीम द्वारा शहर में भ्रमण कर निगरानी की जा रही है। की निवासी रितिक खरे वहां आया और पूछने लगा ङ्क तू फिर से थाने में आ गया क्या? जब बारिया ने मना किया तो वह भड़क गया और गालियां देते हुए धमकी देने लगा। जब तू थाने में था, तब मुझे बार-बार बंद करवाता था। बहुत होशियार बनता है। अब अकेला कहीं मिल मत जाना, नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा। किसी नाबालिग से तुझे 5-7 दिन में निपटा दूंगा। कॉन्स्टेबल के साथ मौजूद उसके दोस्त पम्मू ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इसके बाद पुलिसकर्मी ने इसकी जानकारी एसपी को दी और स्टेशन रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

**पोस्ट ऑफिस अधीक्षक ने दी जानकारी :** पोस्ट ऑफिस अधीक्षक राजेश कुमावत ने बताया कि यह डाकघर जिले का मुख्य डाकघर है। गुरुवार सुबह जब कर्मचारियों ने कार्यालय खोला, तब चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि लॉकर का ताला ग्राइंडर से काटा गया है। प्रारंभिक जांच में करीब 7 लाख रुपए नकद चोरी होने की बात सामने आई है, जिसकी पुष्टि के लिए वेरिफिकेशन किया जा रहा है।

**एसपी अमित कुमार ने बताया:** चार थाना प्रभारियों की टीम चोरी की जांच कर रही है। तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ रहे बच्चे: बुरहानपुर के बाकड़ी में ग्राम सभा में हाईस्कूल की उठी मांग, सीसी रोड, पानी की समस्या की भी शिकायत

**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर जिले के ग्राम बाकड़ी में हुई ग्राम सभा में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को लेकर अहम चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से हाईस्कूल दूर होने के कारण ज्यादातर बच्चे आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। केवल वे बच्चे ही आगे की पढ़ाई कर पाते हैं जिन्हें होस्टल में चयन मिलता है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे बाहर पढ़ने नहीं जा पाते।

**सरकार से करेंगे हाईस्कूल की मांग :** ग्राम सभा में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार से गांव में हाईस्कूल की स्थापना की मांग की खोलने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। सभा में आंगनवाड़ी केंद्र, सीसी रोड और पुलिया निर्माण की मांग रखी गई। पानी की समस्या वाले इलाकों में सार्वजनिक कुएं और हैंडपंप लगाने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। ग्रामवासियों का कहना है कि इन प्रस्तावों के लागू होने से शिक्षा के साथ-साथ गांव की बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी और आने वाली पीढ़ी को ज्यादा अवसर मिलेंगे। ग्राम सभा में सरपंच शंकर मेहता, उपसरपंच नवलसिंह मेहता, सचिव जितेन्द्र तायड़े और सुनील निंगवाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आईपीएल से संन्यास के बाद द हंड्रेड विदेशी लीग में खेलते नजर आ सकते हैं अश्विन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल से संन्यास का एलान कर सभी को चौंका दिया। अब खबर आ रही है कि दिग्गज खिलाड़ी को इंग्लैंड की फेंचाइजी लीग द हंड्रेड में खेलते देखा जा सकता है। बता दें कि, अश्विन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते थे। आईपीएल 2025 की नीलामी में फेंचाइजी ने उन्हें 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

**द हंड्रेड में नजर आ सकते हैं अश्विन :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नियमों के अनुसार, कोई भी सक्रिय भारतीय घरेलू खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा नहीं ले सकता। लेकिन आईपीएल से हटने के बाद खिलाड़ियों के लिए रास्ता खुल जाता है। हाल ही में दिनेश कार्तिक ने भी आईपीएल से संन्यास लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग में खेला था। टेलीग्राफ स्पोर्ट के अनुसार, अश्विन द हंड्रेड में खेलते नजर आ सकते हैं। हालांकि चोट की छोटी-छोटी समस्याओं के कारण वे अक्सर बतौर सब्स्टीट्यूट ही खेले, लेकिन कोचिंग स्टाफ ने उनकी लंबी अवधि की उपयोगिता को पहचाना। मुख्य कोच निको कोवाच इस सीजन उन्हें और ज्यादा नियमित रूप से शामिल करने की योजना बना रहे हैं।

**अश्विन ने सोशल मीडिया पर दी संन्यास की जानकारी:** अश्विन ने ट्वीट में लिखा, आज एक खास दिन है और इसलिए एक खास शुरुआत भी। कहा जाता है कि हर अंत एक नई शुरुआत लेकर आता है। मेरा समय बतौर आईपीएल क्रिकेटर आज समाप्त हो रहा है, लेकिन दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का मेरा सफर आज से शुरू हो रहा है। मैं सभी फ्रेंचाइजियों का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे बेहतरीन यादें और रिश्ते दिए। सबसे अहम तौर पर मैं आईपीएल और बीसीसीआई का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे इतना कुछ दिया। आगे आने वाले समय का पूरा आनंद लेने और उसका सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए उत्साहित हूं।डॉर्टमंड के स्पोर्टिंग डायरेक्टर सेबेस्टियन केली ने कहा, कार्नी एक असाधारण प्रतिभा है, जिसने पिछले सीजन के दूसरे हिस्से में हमारे लिए अपनी क्षमता के कई झलक दिखाई। वह तंग हालात में फर्क ला सकता है, मिडफील्ड में रचनात्मकता देता है और हमारे खेल में एक नया आयाम जोड़ता है।

चुक्वुएमेका ने 2024/25 सीजन में डॉर्टमंड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 17 मैच खेले, जिसमें फीफा क्लब विश्व कप के चार मैच भी शामिल थे। उन्होंने बुंडेसलीगा में फ्राइबर्ग के खिलाफ 4-1 की जीत में एक गोल दागा।

**अश्विन का आईपीएल करियर :** अश्विन आईपीएल में सीएसके के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहे। वह पंजाब टीम की कमान भी संभाल चुके हैं। अश्विन ने आईपीएल में 220 मैचों में 187 विकेट लिए। उनका इकोनॉमी रेट 7.2 का रहा। 34 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इसके अलावा उन्होंने 118.16 के स्ट्राइक रेट से 833 रन भी बनाए। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। इसी लीग के जरिये अश्विन दुनिया भर में छाए थे और भारतीय टीम में जगह बनाई थी। अश्विन ने आईपीएल में 18 में से 16 सीजन में हिस्सा लिया।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारत ने 73 सदस्यीय टीम की घोषणा की, मरियप्पन-शरद बाहर





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अगले महीने होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 73 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस बार टीम की अगुवाई स्टार जेवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल करेंगे। उल्लेखनीय रूप से, तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता हाई जम्पर मरियप्पन थंगावेलु और टोक्यो व पेरिस पैरालंपिक में पदक जीत चुके हाई जम्पर शरद कुमार टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। यह पहली बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। मरियप्पन (30) ने 2016 रियो पैरालंपिक में स्वर्ण, टोक्यो में रजत और पेरिस में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2023 एशियाई पैरा गेम्स (हांगझोउ) में रजत और 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप (कोबे, जापान) में स्वर्ण पदक भी जीता था। हालांकि, इस बार वे चयन ट्रायल्स में शामिल नहीं हुए। कोचों के अनुसार, हाल ही में उन्होंने तकनीक में बदलाव किया है और उन्हें वापसी के लिए समय चाहिए। वहीं, शरद कुमार ने अगले साल जापान में होने वाले एशियाई पैरा गेम्स पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने बताया कि इस बार 107 देशों के एथलीट्स भाग ले रहे हैं और यह अब तक की सबसे बड़ी चैंपियनशिप होगी। उन्होंने कहा,भारत ने पिछले साल जापान में 17 पदक जीते थे। इस बार हम उससे अधिक पदक जीतेंगे और इस चैंपियनशिप को इतिहास की सबसे सफल प्रतियोगिता बनाएंगे। उद्घाटन समारोह में भारत की ओर से पेरिस पैरालंपिक क्लब थ्रो स्वर्ण पदक विजेता धरमबीर नैन और दो बार की कांस्य विजेता धाविका प्रीति पाल ध्वजवाहक होंगी।

## लियोनेल मेसी के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंटर मियामी लीग्स कप 2025 के फाइनल में



**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंटर मियामी ने लीग्स कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को चेस स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में टीम ने फ्लोरिडा डर्बी प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी को 3-1 से हराया। लियोनेल मेसी की दमदार वापसी और दूसरे हाफ में किए गए दो गोलों ने मियामी की जीत सुनिश्चित की। वहीं, टेलास्को सेगोविया ने इंजरी टाइम में गोल कर मुकाबले पर पूरी तरह से मुहर लगा दी। इस जीत के साथ मियामी ने 31 अगस्त को होने वाले फाइनल में एलए गैलेक्सी या सिएटल साउंडर्स का सामना करने का अधिकार हासिल कर लिया है। साथ ही टीम ने 2026 कॉनकाकाफ चैंपियंस कप में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। ऑरलैंडो सिटी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में मार्को पासालिच के गोल से बढ़त बनाई थी। लेकिन दूसरे हाफ में खेल पूरी तरह पलट गया। 77वें मिनट में डेविड ब्रेकालो के रेड कार्ड के बाद मिले पेनल्टी को मेसी ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद 88वें मिनट में मेसी ने अपने पुराने साथी जोर्डी आल्बा के साथ शानदार तालमेल से दूसरा गोल दागा। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की खुशी चरम पर पहुंच गई। वहीं, 91वें मिनट में सेगोविया ने लुईस सुवारेज़ के साथ वन-टू खेलते हुए तीसरा गोल दागा और मियामी की जीत तय कर दी।

## जर्मन कप : केन के आखिरी मिनट के गोल से बायर्न म्यूनिख की जीत



**म्यूनिख, एजेंसी।** हैरी केन ने इंजरी टाइम में निर्णायक गोल कर बायर्न म्यूनिख को जर्मन कप के पहले दौर में बुधवार रात (भारतीय समयानुसार गुरुवार) तीसरे डिवीजन की टीम वीहेन वीसबाडेन पर 3-2 की रोमांचक जीत दिलाई।

बायर्न ने मैच की शुरुआत शानदार की और 16वें मिनट में साचा बोए पर फाउल होने के बाद केन ने पेनल्टी को गोल में बदलते हुए बढ़त दिलाई। यह केन का क्लब और देश के लिए लगातार 31वां सफल पेनल्टी था। दूसरे हाफ की शुरुआत में 51वें मिनट में माइकल ओलिसे ने डिफेंस की गलती का फायदा उठाते हुए दूसरा गोल दागा और टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया।

हालांकि, इसके बाद वीसबाडेन ने शानदार वापसी की। कप्तान फातिह काया ने 64वें मिनट में निक्लास मे के बेहतरीन क्रॉस पर स्लाइडिंग वॉली से गोल किया। महज पांच मिनट बाद मोरिट्ज फ्लोथो के हेड फ्लिक पर काया ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया।

76वें मिनट में बायर्न को एक और पेनल्टी मिली, लेकिन इस बार केन का शॉट गोलकीपर फ्लोरियन स्ट्रिट्ज़ेल ने रोक दिया। यह केन की 2022 विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहली पेनल्टी मिस थी। आखिरी क्षणों में जब मैच अतिरिक्त समय की ओर बढ़ रहा था, तभी चौथे मिनट के इंजरी टाइम में जोसिप स्टैनिसिच के क्रॉस पर केन ने हेडर लगाकर गोल दागा और टीम को हार से बचा लिया। बायर्न म्यूनिख ने 2019-20 सीजन में 20वीं बार खिताब जीतने के बाद से अब तक जर्मन कप के क्वार्टर फाइनल से आगे जगह नहीं बनाई है। टूर्नामेंट के दूसरे दौर का ड्रा रविवार को होगा।


## बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025 दूसरे दौर में हारकर बाहर हुए एचएस प्रणय




**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय शटलर एचएस प्रणय बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। प्रणय ने विश्व नंबर-2 एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क) के खिलाफ बड़ा उलटफेर करने की कोशिश की, लेकिन रोमांचक संघर्ष के बाद दूसरे दौर में 8-21, 21-17, 21-23 से हारकर बाहर हो गए।

प्रणय के पास निर्णायक गेम में दो मैच प्वॉइंट थे, लेकिन वह मौके को भुना नहीं सके। मैच के बाद उन्होंने निराशा जताई और कहा, आखिरी कुछ अंकों में मैंने खराब शॉट खेले। मुझे ज्यादा ऊर्जा बचाकर आक्रामक खेलना चाहिए था। एंटोनसेन ने आखिरी 3-4 प्वॉइंट में आक्रमण किया और मैंने उन्हें आसान स्मैश दिए, जिससे खेल पलट गया। मुझे नेट पर और मौके लेने चाहिए थे। पहले गेम में कमजोर शुरुआत के बावजूद प्रणय ने दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक तक खींचा, लेकिन अंत में गलतियां उन्हें महंगी पड़ी। उन्होंने कहा, बड़े टूर्नामेंट में मैच प्वॉइंट गंवाना हमेशा दर्द देता है। एक मैच पूरी प्रतियोगिता की दिशा बदल सकता है। अगर आप किसी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को हराते हैं तो आत्मविश्वास मिलता है, लेकिन हारने पर सारी मेहनत व्यर्थ लगती है और खुद पर शक होने लगता है। विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय पिछले कुछ वर्षों से कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते रहे हैं। उन्हें पुरानी पेट की समस्या, कमर की चोट और पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले चिकनगुनिया जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आगे कहा, मैं लगातार सुधार की कोशिश कर रहा हूं। खेल के लिहाज से मैं अब भी कुछ साल खेल सकता हूं, लेकिन फिटनेस के मामले में युवा खिलाड़ियों के साथ तालमेल बिठा पाना मुश्किल हो रहा है। खेल की गति बहुत तेज है और शरीर वैसा रिस्पॉन्ड नहीं करता। यह खेल की वास्तविकता है।

## दलीप ट्रॉफी 2025: सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ लगाया शतक



**बेंगलुरु, एजेंसी।** सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने गुरुवार को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-2 पर नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल में तूफानी शतक जड़ा। उन्होंने सिर्फ 80 गेंदों में शतक पूरा किया, जिसमें 18 चौके और दो छक्के शामिल रहे। यह 32 वर्षीय मध्य प्रदेश के बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 14वां शतक है।

पाटीदार तब क्रीज पर आए जब सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (60 नाबाद) चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गए। पाटीदार ने मात्र 42 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और अपनी लय बरकरार रखते हुए तीन अंकों तक पहुंचे। इस पारी में सेंट्रल जोन के लिए एक और शतक दानिश मालेवार ने जड़ा। उन्होंने 144 गेंदों पर शानदार शतक पूरा किया। टी ब्रेक तक सेंट्रल जोन ने एक विकेट पर 314 रन बना लिए थे। उस समय पाटीदार 111 रन और मालेवार 132 रन बनाकर नाबाद खेल रहे थे।

इस बार दलीप ट्रॉफी नॉकआउट प्रारूप में खेली जा रही है। क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में नॉर्थ जोन बनाम ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन बनाम नॉर्थ ईस्ट जोन शामिल हैं। इनकी विजेता टीमें सेमीफाइनल में क्रमशः साउथ जोन और वेस्ट जोन से भिड़ेंगी।

## राज्य लीगें प्रतियोगी नहीं, प्रतिभा की नर्सरी हैं : डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने देशभर में बढ़ रही टी20 लीगों की सराहना करते हुए कहा है कि ये टूर्नामेंट एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी नहीं, बल्कि नई प्रतिभाओं को सामने लाने और निखारने का बेहतरीन मंच हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें भारतीय क्रिकेट के ढांचे को और मजबूत करती हैं तथा खेल के समग्र विकास में योगदान देती हैं। जेटली ने कहा, राज्य लीगें एक-दूसरे की प्रतियोगी नहीं बल्कि अपने-अपने इकोसिस्टम की फीडर हैं। हर राज्य की अपनी प्रतिभा और संरचना है। अधिक लीगों का मतलब है खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके और यह भारतीय क्रिकेट के लिए शुभ संकेत है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि पहली सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का पैमाना, संगठन और गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल खेल के स्तर को ऊंचा किया है बल्कि पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए राजधानी में एक मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासक के तौर पर हमेशा कोशिश रहती है कि पिछले सीजन से बेहतर आयोजन हो–बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन। इस बार की लीग अधिक पेशेवर और संरचित है। टीमें ज्यादा संगठित हैं, प्रबंधन और मजबूत है और संपूर्ण इकोसिस्टम भी विकसित हुआ है। हर साल रिकॉर्ड टूटे यह ज़रूरी नहीं, लेकिन निरंतरता और प्रतियोगिता का पैमाना अहम है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का फिटनेस स्तर बढ़ा है और वे घरेलू सीजन से पहले बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर रहे हैं। इस सीजन डीपीएल में दो नई टीमों को शामिल किया गया। डीडीसीए अध्यक्ष ने नए टीम मालिकों के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि उनके आने से टूर्नामेंट में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

उन्होंने कहा कि नए टीम मालिकों ने खुद को इकोसिस्टम में बहुत अच्छे से ढाल लिया है। उनका दृष्टिकोण पेशेवर है और पुरानी टीमों ने भी सहयोग दिया है। इससे अधिक खिलाड़ियों को अवसर मिल रहे हैं, जो लीग को और मजबूत बनाता है। डीपीएल के लाइव प्रसारण पर बोलते हुए उन्होंने कहा, स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारण हमारे लिए बड़ा बदलाव है। जहां कई टूर्नामेंट सिर्फ डिजिटल तक सीमित रहते हैं, वहीं टीवी पर प्रसारण हमें बेजोड़ पहुंच और दृश्यता देता है। इससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों को बड़ा लाभ होता है।ब्राज़ीलियाई फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने मंगलवार को घोषणा की कि पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राज़ील अक्टूबर में दक्षिण कोरिया और जापान के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले खेलेगा। यह मैच 2026 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा होंगे।ब्राज़ील पहले ही 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है और अगले महीने अपने अंतिम दो क्वालिफ़ायर में चिली और बोलिविया का सामना करेगा। ें खिलाड़ियों की क्षमताओं और व्यक्तित्व को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। 66 वर्षीय इटालियन कोच ने मई में रियल मैड्रिड के सफल कार्यकाल के बाद ब्राज़ील की कमान संभाली थी।

## सम्मानित किए गए डॉ. शादाब और फारूक

**भिलाई, एजेंसी।** अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से युवा अस्थिरोग सर्जन डॉ. मोहम्मद शादाब और वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद फारुक का सम्मान उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए किया गया। अंजुमन हुसैनिया की ओर से हर साल 10 दिन तक चलने वाले शोहदाए कर्बला के आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए अंचल के प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाता है। अंजुमन हुसैनिया के प्रमुख हुसैन अली अशरफी ने बताया कि इस आयोजन में डॉ. शादाब और मोहम्मद फारुक का भी सम्मान होना था। इसे देखते हुए अंजुमन की ओर से इनके निवास जाकर इन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. शादाब वर्तमान में शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज-अस्पताल भिलाई में अस्थि रोग सर्जन के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं वर्तमान में दूरदर्शन के स्थानीय प्रतिनिधि मोहम्मद फारुक विगत तीन दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। सम्मान के दौरान डॉ. शादाब के पिता और प्रख्यात चिकित्सक डॉ. लाल मोहम्मद, साहित्यकार अब्दुल कलाम, लेखक व पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन व अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29, 30 एवं 31 अगस्त को

**गरियाबंद, एजेंसी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कलेक्टर बी.एस. उइके के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन जिला मुख्यालय गरियाबंद के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम खेल मैदान में किया जायेगा। प्रभारी खेल अधिकारी नवीन भगत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 29 अगस्त 2019 को ही फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया गया था। जिसके तारतम्य में भारत सरकार द्वारा 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को खेल मैदान, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम गरियाबंद में कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी एवं मनोरंजनात्मक खेल प्रतिस्पार्धाओं एवं खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद तथा फिटनेस टॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 30 अगस्त 2025 को इंडोर बैडमिंटन हॉल में बैडमिंटन खेल का आयोजन एवं 31 अगस्त 2025 को संडेज ऑन साईकल कार्यक्रम के अंतर्गत सायकल रैली का आयोजन जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में प्रातः 08.00 बजे से प्रारंभ की जायेगी। राष्ट्रीय खेल दिवस में जिला खेल संघ के पदाधिकारी गण, एवं 2024-25 में राष्ट्रीय, अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिला?ी को सम्मानित किया जायेगा। खेल दिवस में महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

## राजिम विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर एक निर्माण के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति

**गरियाबंद, एजेंसी।** राजिम विधानसभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर बी.एस. उइके ने एक निर्माण कार्य के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के आश्रित ग्राम में बजरंग चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

## आपदाओं से सुरक्षा के लिए मोबाइल एप्स और हेल्पलाइन 1070 जारी

**नारायणपुर, एजेंसी।** शासन द्वारा आपदाओं जैसे (बा?, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-तापघात, आदि) के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने हतु सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप विकसित किये गए है तथा आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है। जनसामान्य मोबाइल में इस एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड कर उपयोग कर सकते हैं। साथ ही आपदा टोल फ्री नंबर 1070 से संपर्क कर सकते हैं।

## श्री रामलला दर्शन योजना : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना



**अम्बिकापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत सरगुजा संभाग से निकली आठवीं यात्रा की स्पेशल ट्रेन को आज महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे जनमानस में आस्था और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यात्रा में सरगुजा संभाग के 06 जिलों से कुल 850 श्रद्धालु शामिल हुए। इनमें जशपुर से 160, सुरजपुर से 145, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 57, सरगुजा से 168, बलरामपुर से 164 और कोरिया जिले से 108 श्रद्धालु सम्मिलित थे। योजना के नोडल अधिकारी तथा उप संचालक समाज कल्याण व्ही. के. उके ने बताया कि सरगुजा जिला अंतर्गत जनपद पंचायत अंबिकापुर से 18, लखनपुर से 18, उदयपुर से 18, लुण्ड्रा से 18, बतौली से 18, सीतापुर से 18, मैनपाट से 18, नगर निगम अंबिकापुर से 28, नगर पंचायत लखनपुर से 7 तथा नगर पंचायत सीतापुर से 7 कुल 168 यात्री तीर्थ यात्रा पर गये हैं। यात्रा में जाने हेतु सभी यात्रियों में काफी खुशी एवं हर्ष का माहौल देखा गया। सभी यात्री श्री रामलला के दर्शन हेतु काफी उत्साहित नजर आये। तीर्थ यात्रा ट्रेन दिनांक 30 अगस्त 2025 को वापस अंबिकापुर रेलवे स्टेशन आयेगी। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर लूण्ड्रा विधायक प्रबोध. मिंज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा,अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अनुराग सिंह देव, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत, भारत सिंह सिसोदिया, मेजर अनिल सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एसडीएम फागेश सिन्हा, सहायक संचालक टूरिज्म बोर्ड आशिष वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री राजवाड़े ने यात्रियों के सुखद यात्रा की कामना करते हुए बताया कि शासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु यात्रा में भोजन, ठहरने एवं चिकित्सा सेवाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत पहले श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ का दर्शन कराया जाएगा, उसके पश्चात अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन का लाभ मिलेगा। नगर निगम महापौर मंजूषा भगत ने बताया कि आज मुझे निगम पार्षदों के साथ अयोध्या जाने का सौभाग्य मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी हो रही है।

# बीएसपी एपलाइज्ज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड ने जुलाई माह के रिटायर कर्मियों को दी विदाई

**भिलाई, एजेंसी।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह जुलाई 2025 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और आगे भी सोसाइटी से जुड़े रहने की इच्छा जताई। इन कर्मियों ने अपने सेवाकाल से जु?ी यादें साझा करते हुए कहा कि- हमें जब जरूरत पड़ी, सेक्टर-4 सोसाइटी ने हमेशा अपना हाथ आगे बढ़ाया। स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष देवांगन ने कहा कि रिटायर हुए वरिष्ठ साथियों की भावना का पूरा सम्मान है और भविष्य में भी हम अपने इन साथियों का मार्गदर्शन लेते रहेंगे। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। एमएसजी से रिटायर गोविंद सिंह जाटव ने कहा कि इस




सोसाइटी में हम बचत के तौर पर जितना निवेश करते हैं, उससे ज्यादा तो हमें कई स्वरूप में वापस मिल जाता है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से रिटायर राकेश शर्मा ने बताया कि सेक्टर-4 सोसाइटी ने सबसे पहले लाभांश देना शुरू किया, जिसका अनुसरण दूसरी सोसाइटी ने किया। रूप सिंह ने बताया कि उन्होंने विभिन्न वजहों से दूसरी सोसाइटी की सदस्यता खत्म कर यहां की सदस्यता बरकरार रखी। ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन के बलराज सिंह और रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि हर पारिवारिक जरूरत में सोसाइटी से लिया ऋण ही काम आया। प्लेट मिल के रमेश कुमार ने कहा- सोसाइटी सिर्फ लोन देने का ही कार्य नहीं करती, बल्कि एक पारिवारिक माहौल भी बनाती है। कैपिटल हैवी मेंटेनेंस से रिटायर श्रीकांत मोहनराव मन्नूर और मर्चेंट मिल से रिटायर कृतवर्मा यादव ने सोसाइटी की कार्यशैली को सराहा।

विदाई समारोह को रिटायर सदस्यों में मर्चेंट मिल से वीरेंद्र कुमार साहू, डी शंकर राव, संतराम कुर्रे, इंस्ट्रूमेंटेशन से मनोज कुमार पांडा, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से बलराज सिंह, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शाप (मार्स) से सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार पटेल, ब्लास्ट फर्नेस से लिखन सिंह भंडारी, शशिकांत उपाध्याय, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से भुवन राम साहू, स्टील स्ट्रक्चरल शॉप से अनिल कुमार फुले, सीडीसीपी से दीपांकर मजूमदार और ऑक्सीजन प्लांट 2 से के एस संजीव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष असमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी,पुरुषोत्तम सिंह कंवर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन शशि भूषण सिंह ने और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष अशोक कुमार राठौर ने किया।

## जनजातीय समाज का उत्थान ही विकसित भारत की नींव : महापौर रामू रोहरा

**धमतरी, एजेंसी।** आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत जिला साहू समाज भवन में गुरुवार को जिला स्तरीय प्रोसेस लैब कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम धमतरी महापौर रामू रोहरा ने कहा कि, विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब जनजातीय समाज मुख्यधारा से जुड़कर विकास यात्रा में भागीदार बने। उन्होंने आगे कहा कि भारत आज तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन विकास का वास्तविक अर्थ तभी साकार होगा जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी इसमें सम्मिलित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनजातीय समाज अभी भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। ऐसे में शासन और समाज दोनों को मिलकर इनके उत्थान के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। जनजातीय समाज केवल एक समुदाय नहीं, बल्कि भारत की असली ताकत है। इनके उत्थान से ही भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा हो सकेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मोनिका देवांगन और अजय ध्रुव ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ निश्चित ही सराहनीय हैं, लेकिन वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को केवल योजनाओं का लाभार्थी न मानकर, योजनाओं का सहभागी बनाया जाए।

## ग्रामीणों के सहयोग से सड़क दुर्घटना में कमी लाने 30-35 पशुओं के लिए गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही

**राजनांदगांव, एजेंसी।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं से फसल की सुरक्षा से एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगभग 30-35 पशुओं के लिए ग्राम के गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही थी। गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रख दिया गया था। विगत दिनों जिले में लगातार बारिश के चलते गौठान में 4 पशु निमोनिया से पीड़ित हो गए और अचानक उनकी मृत्यु हो गई। पशुधन विभाग के माध्यम से शेष गौवंशों का उचित उपचार किया गया। जिला प्रशासन द्वारा गौवंशों के संरक्षण के लिए यशोदा गौशाला सुकुलदैहान, कृष्ण



गौशाला डोंगरगढ़, गौशाला पिंजरापोल, बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला, मां बंजारी गौशाला बरगाही में विस्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम के सहयोग से काऊ कैचर के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से यशोदा गौशाला सुकुलदैहान में 28, गौशाला पिंजरापोल में 10 एवं बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला में 5 गौवंशों को विस्थापित किया गया है। शेष गौवंशों के विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे गौवंश, जिनमें टैग लगा हुआ है और उन्हें खुले में छोड़ दिया गया है। ऐसे पशुमालिकों के विरूद्ध दंडात्मक एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अंबिकापुर में दो दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभागस्तरीय दो दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (एथलेटिक्स) का शुभारंभ आज गुरुवार को पीजी कॉलेज खेल मैदान में कलेक्टर विलास भोसकर द्वारा किया गया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालयस्तर की यह प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने का सशक्त माध्यम हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, निष्ठा और निरंतर अभ्यास के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों से 14, 17 एवं 19 वर्षीय बालक-बालिकाओं सहित कुल 432 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दौड़ वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3 हजार मीटर एवं 5 हजार मीटर दौड़ शामिल हैं। इसी प्रकार फेंक स्पर्धा में गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक एवं हमर फेंक का आयोजन होगा। वहीं कूद स्पर्धा में लंबी कूद, ऊंची कूद तथा ट्रिपल जंप (त्रिकूद) की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 400 मीटर दौड़ से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## आस्था, संस्कृति, साहित्य-कला के अद्भुत संगम चक्रधर समारोह का आगाज

### राज्यपाल डेका ने किया 10 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**रायगढ, एजेंसी।** रायगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और शास्त्रीय कला की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 40वें चक्रधर समारोह का भव्य शुभारंभ 27 अगस्त को हुआ। राज्यपाल रमेन डेका ने विधिवत पूजा-अर्चना कर उत्सव का उद्घाटन किया और संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल डेका ने कहा, चक्रधर समारोह हमें अतीत की स्वर्णिम स्मृतियों से जोड़ता है और हमारी अमूल्य विरासत को संजोने का महान संकल्प है। राजा चक्रधर सिंह ने रायगढ़ की धरती से जिस सांस्कृतिक जागरण का सपना देखा था, यह उत्सव उसी का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि असम में भी राजा चक्रधर सिंह की स्मृति में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

समारोह में शामिल केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता में एकता है। उन्होंने रायगढ़ घराने के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और नक्सल प्रभावित छवि से निकलकर छत्तीसगढ़ अब संस्कृति और पर्यटन का नया केंद्र बन रहा है। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि चक्रधर समारोह को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास जारी हैं और रायगढ़ में विकास कार्यों के साथ सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बनाया जा रहा है। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि राजा चक्रधर सिंह ने कथक नृत्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दी। रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि यह आयोजन रायगढ़ की प्रतिष्ठा को और ऊँचाइयों तक ले जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद कमलेश जांगड़े, रूपकुमारी चौधरी, चुन्नीलाल गरासिया, महापौर जीववर्धन चौहान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और दर्शक उपस्थित रहे। अगले दस दिनों तक यह समारोह शास्त्रीय संगीत, नृत्य और स्थानीय लोककला की भव्य प्रस्तुतियों से सराबोर रहेगा।

## धमतरी में हेरोइन बेचते तीन युवक गिरफ्तार 98 हजार से अधिक का माल जब्त

**धमतरी, एजेंसी।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धमतरी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। सिटी कोतवाली पुलिस ने रिसाईपारा स्थित कोडूमल धर्मशाला के पास दबिश देकर तीन युवकों को हेरोइन (चिट्टा) बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 13.06 ग्राम हेरोइन, नकदी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और अन्य सामग्री सहित कुल 98,340 रुपये का माल जब्त किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ युवक अवैध रूप से हेरोइन की बिक्री कर रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा।

पूछताछ में आरोपितों की पहचान मुकेश कुमार (सोरिद वार्ड), मुज्जमिल उर्फ मज्जु खान (रिसाईपारा) और सैय्यद नसीम खान (अधारी नवागांव) के रूप में हुई। गवाहों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर हेरोइन, तीन मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, नकदी व अन्य सामान बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 206/25 धारा 21(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। धमतरी पुलिस द्वारा नशे और अवैध गतिविधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। हाल ही में भखारा, कुरूद और रूद्री पुलिस ने गांजा और नशीली टैबलेट की तस्करी करने वाले कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने कहा कि, जिले में नशे का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही जनता से अपील की गई है कि नशे से संबंधित कोई भी जानकारी तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान' से जनजातीय गांवों में विकास को मिलेगी नई दिशा, जिले के 352 ग्राम होंगे लाभान्वित

**कोंडागांव, एजेंसी।** अनुसूचित जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास और योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को 'आदि कर्मयोगी अभियान' की शुरुआत की गई है। यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित एक रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम है, जो सेवा, संकल्प और समर्पण के सिद्धांतों पर आधारित है। इससे पूर्व 02 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ किया गया था। पांच वर्षों तक चलने वाले इस अभियान से देश के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10.5 करो? लोग लाभान्वित होंगे, वहीं छत्तीसग? में 28 जिलों के 128 विकासखण्डों के 6650 गांवों में इसे लागू किया जाएगा। कोंडागांव जिले में 5



विकासखण्डों के 352 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें कोंडागांव जिले के 352 गांवों में 'वि?न 2030' के अनुरूप योजनाएँ तैयार करने और इसके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों को समन्वित प्रयास के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कृपेन्द्र तिवारी ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में 352 आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, 100 से अधिक आदि कर्मयोगी परिवर्तनकारी नेतृत्व देंगे और 8800 से अधिक साथी व सहयोगी युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाएंगे। यह अभियान 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई दिशा तय करेगा। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम में एक आदि सेवा केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहां शिकायत निवारण पंजी, संयुक्त भ्रमण पंजी और प्रत्येक सोमवार को 'आदि सेवा ऑवर' जैसी व्यवस्थाएं होंगी। अभियान के संचालन के लिए कैडर ऑफ स्पार्क तैयार किया गया है, जिसमें शासकीय अधिकारियों को 'आदि कर्मयोगी', शिक्षकों, डॉक्टरों, समाजसेवकों और युवा नेताओं को 'आदि सहयोगी' तथा स्व-सहायता समूह, पंचायत प्रतिनिधियों और जनजातीय नेताओं को 'आदि साथी' की भूमिका दी गई है। प्रत्येक ग्राम में 20 से 25 सदस्यीय टीम गठित होगी और एक ग्राम कप्तान नोडल के रूप में जिम्मेदारी निभाएगा। इसके अलावा जिले में 7 जिला मास्टर ट्रेनर्स और 35 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स अभियान का संचालन और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

### धमतरी में गौठान सेवा के लिए आगे आया जैन समाज

**धमतरी।** नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा संचालित गौठान सेवा कार्य को अब सामाजिक संगठनों का भी सहयोग मिलने लगा है। इसी कड़ी में गुरुवार 28 अगस्त को जैन समाज के पदाधिकारीगण महापौर रामू रोहरा से मुलाकात करने पहुंचे और गौठान में मवेशियों की देखभाल, चारा-भूसा उपलब्ध कराने तथा अन्य आवश्यक सहयोग देने की घोषणा की।

**गौठान सेवा में समाज का योगदान सराहनीय:** महापौर रामू रोहरा ने जैन समाज के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि, यह योगदान न केवल प्रेरणादायी है बल्कि अन्य समाजों के लिए अनुकरणीय भी है। उन्होंने कहा कि गौठान केवल पशुओं की सुरक्षा और देखभाल का केंद्र नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समाज का सहयोग मिलने से इस योजना को और गति व मजबूती मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा